भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्

वार्षिक रिपोर्ट 2017-18

(अप्रैल 2017 – मार्च 2018)

दर्शन भवन

36, तुगलकाबाद इंस्टीट्यूशनल एरिया,

एम.बी. रोड, नई दिल्ली-110062

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् वार्षिक रिपोर्ट
2017-2018

प्रकाशक
सदस्य सचिव
भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्
दर्शन भवन
36, तुगलकाबाद इंस्टीट्यूशनल एरिया
एम.बी. रोड, नई दिल्ली - 110062
फोन : 011-29901505, 011-29901506
Web : www.icpr.in

अध्यक्ष की कलम से

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् के इस वार्षिक प्रतिवेदन में परिषद् की अकादमिक गतिविधियाँ 2017–2018 को प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। यह शैक्षणिक वर्ष में भा.दा.अ.प. द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम उत्साहवर्धक थे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की समीक्षा समिति जून 2018 की रिपोर्ट के अनुसार विविध अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए गए (पृष्ठ 18. 5.15) जिसमें 100 से अधिक सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन, जो विशेष रूप से देश के दूरस्थ कोनों पर्यंत एवं विविध सामाजिक अध्ययन और सामाजिक मुद्दों पर आधारित थे, किये गये। समीक्षा समिति ने आगे कहा कि भा.दा.अ.प. ने भारतीय दर्शन को दुनिया के अन्य देशों में संप्रेषित करने में सहयोग किया है। समीक्षा समिति ने आगे कहा कि ने भा.दा.अ.प. में भारतीय दर्शन को अपने विभिन्न रूपों में प्रचारित और प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने अनुसंधान गतिविधियों (पृष्ठ 18.5.16) के प्रोत्साहन के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। समीक्षा समिति यह जानकर खुश थी कि परिषद् ने अपना कार्य समझदारी और संतोषप्रद तरीके से किया है (पृष्ठ 11. 4.4)। चूंकि भा.दा.अ.प. को विलय करने या समाप्त करने का एक दुष्प्रयास था, इसलिए समीक्षा समिति ने इस तरह की घटना की कड़ी निंदा की। इसमें लिखा गया है, ''क्या ऐसे संगठन को, जो विश्व के दार्शनिक पटल पर भारत को रखने का प्रमुख प्रस्तावक है, को विघटित होने दिया जाए?। **इसका स्पष्ट एवं निर्भीक उत्तर है– 'नहीं'!** (पृष्ठ 10.3.10)

समीक्षा समिति ने .... महीनों अवधि पर्यन्त तक समीक्षा का काम किया, कार्यालय की फाइलों का अवलोकन किया और कई गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की, जिनमें से सभी ने कहा कि भा.दा.अ.प. ने विशेष रूप से सामान्य और भारतीय दर्शन में दर्शन को बढ़ावा देने के लिए अच्छा काम किया है। समीक्षा समिति ने सिफारिश की कि बजटीय समर्थन लगभग 200 करोड़ (पृष्ठ 4.5.19 और 4.5.20) होना चाहिए और सुझाव दिया कि सरकार को भा.दा.अ.प. का समर्थन करने का ठोस निर्णय लेना चाहिए ताकि ''भारत भारतीय दर्शन को विश्व में सार्वभौमिक दर्शन के शीर्ष पर स्थापित करने में सफल

हो, जो बहुत ही उत्साहवर्धक और ऊर्जावान होगा"। (पृष्ठ 13)

यह आशा की जाती है कि भा.दा.अ.प. देश के भीतर और विदेश में अपने शानदार कार्य को जारी रखेगा और लोगों को तत्त्वज्ञान और भारतीय दृष्टिकोण से जीवन के तरीकों को देखने के संबंध में मार्गदर्शन करेगा, जो कि इसका उद्देश्य है। यह कार्य भा.दा.अ.प. सहयोगी संगठनों के साथ सहयोग से बेहतर कार्य कर सकता है। यह हमारा अनुभव रहा है कि संसार नई अंतर्दृष्टि और नए दृष्टिकोण के लिए भारत की ओर देख रही है और भा.दा.अ.प. के पास इस कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारियाँ हैं।

प्रो. एस.आर. भट्ट
अध्यक्ष, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्
नई दिल्ली

प्रस्तावना

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (भा.दा.अ.प.) की गतिविधियों के बारे मे 2017–18 की वार्षिक प्रतिवेदन को अग्रसारित करते हुए प्रसन्नता हो रहा है पूरे वर्ष, भा.दा.अ.प. ने दर्शनशास्त्र के मौलिक स्वरूप पुनः प्रचलित करने की दिशा में काम किया, विशेष रूप से भारतीय दर्शनशास्त्र, जो भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के गठन का आधार था। उच्च शैक्षणिक गतिविधियाँ जैसे कार्यशालाएं मूल ग्रंथों के शास्त्रीय अध्ययन पर केंद्रित होती हैं ताकि युवा शोधकर्ताओं में मूल संस्कृत ग्रंथों से भारतीय दर्शन के प्रति उनकी रुचि और अध्ययन का विकास किया जा सके। भा.दा.अ.प. के उत्कृष्ट नियंत्रण विधियों के अंतर्गत, यह आवश्यक था कि सेमिनार में भाग लेने वाले अपने शोध–पत्र अग्रिम रूप से प्रस्तुत करें और अनुमोदन प्राप्त करें, जिस प्रकार केवल श्रेष्ठ पर्चा प्रस्तुत किए जाते हैं। शोधकर्ताओं को प्रेरणा और वित्तीय सहायता के तहत, भा.दा.अ.प. ने अपने फैलोशिप कार्यक्रम के माध्यम से अपना समर्थन जारी रखा। पत्राचार कार्रवाही को आसान बनाने और इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए, भा.दा.अ.प. ने ऑन लाइन फॉर्म जमा करना शुरू कर दिया है और जूनियर रिसर्च फैलोशिप के लिए परीक्षा का भी ऑनलाइन संचालन शुरू किया है। भा.दा.अ.प. ने अपने शोध को आरंभ करने के लिए विद्वानों को शोध परियोजना अनुसंधान का भी समर्थन किया।

भा.दा.अ.प. के अकादमिक केंद्र में, जो दर्शनशास्त्र में पुस्तकों के बड़े संग्रहों में से एक है, कार्यशालाओं, सेमिनारों, अध्ययन मंडलों आदि जैसे कई गतिविधियों का संचालन किया गया और इस वार्षिक प्रतिवेदन में अलग से रिपोर्ट किया गया है।

भा.दा.अ.प. ने ज्ञान श्रृंखला के अपने प्रसार को पुनर्जीवित किया जिसका उद्देश्य दर्शन के विद्वानों और सामान्य पाठकों को लघु मोनोग्राफ आदि के माध्यम से दार्शनिक ज्ञान का परिचय कराना है। इस वर्ष भी रिपोर्ट के तहत भा.दा.अ.प. ने जर्नल ऑफ़ इंडियन काउंसिल ऑफ़ फ़िलासॉफ़िकल रिसर्च को प्रकाशित किया है। भा.दा.अ.प. एक त्रि–भाषी पत्रिका (हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में) प्रकाशित करने की भी योजना बना रहा है।

कई वर्षों के पश्चात् भा.दा.अ.प. ने अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया। अध्येता–मिलन, उन्मुखीकरण, ओरिएंटेशन प्रोग्राम, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और राष्ट्रीय शिक्षा दिवस जैसे अन्य कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आवधिक व्याख्यान, विश्व दर्शन दिवस जैसी योजनाएं आयोजित की गईं। विदेशी विजिटिंग प्रोफेसरों और भारतीय विजिटिंग प्रोफेसरों ने कुछ व्याख्यान दिए।

2017–18 में की गई गतिविधियों और कार्यक्रमों के आधार पर, इस वर्ष को सफल माना जा सकता है।

(प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ल)
(सदस्य सचिव)

विषय-सूची

	अध्यक्ष की कलम से	III
	सदस्य–सचिव की ओर से प्रस्तावना	V
1.	लक्ष्य एवं उद्देश्य	1
2.	संगठनात्मक संरचना	4
3.	गोष्ठियां	5
4.	शोधवृत्तियां	5
5.	परिसंवाद / कार्यशाला / संगोष्ठी / सम्मेलन	19
6.	परियोजनाओं	51
7.	अध्येताओं की बैठक	55
8.	प्रकाशन	58
9.	भा.दा.अ.प. स्थापना दिवस समारोह	59
10.	भा.दा.अ.प. विजिटिंग प्रोफ़ेसरों (विदेशी) के व्याख्यान	60
11.	भा.दा.अ.प. विजिटिंग प्रोफ़ेसरों (भारतीय) व्याख्यान	64
12.	विश्व दर्शन दिवस	66
13.	आवधिक व्याख्यान	76
14.	पुस्तक अनुदान 2017–18	97
15.	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	99

16. भा.दा.अ.प. समग्र जीवनोपलब्धि सम्मान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 100

17. शैक्षणिक केंद्र, लखनऊ (कार्यक्रम और गतिविधियाँ) 103

18. हिन्दी पखवाड़ा 130

19. परिषद् के सदस्य 133

20. शासी निकाय 137

21. वित्त समिति 139

22. शोध परियोजना समिति 140

23. वार्षिक लेखा 143

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्
वार्षिक रिपोर्ट 2017–18

1. लक्ष्य एवं उद्देश्य

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (भा.दा.अ.प.) को सोसायटीज एक्ट, 1860 के अंतर्गत मार्च 1977 में पंजीकृत किया गया था। वास्तविक रूप से इसका कामकाज जुलाई 1981 में शुरू हुआ था। परिषद् के लक्ष्य और उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- दर्शनशास्त्र में शोध की प्रगति की समय–समय पर समीक्षा करना;
- दर्शनशास्त्र में शोध कार्यक्रमों या परियोजनाओं को प्रायोजित करना और सहायता प्रदान करना;
- दर्शनशास्त्र में अनुसंधान के आयोजन में लगे हुए संस्थानों और संगठनों को वित्तीय सहायता देना;
- व्यक्ति या संस्थानों के द्वारा, दर्शनशास्त्र में शोध परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के निर्माण के लिए तकनीकी सहायता अथवा मार्गदर्शन प्रदान करना, और/या शोध प्रविधियों में प्रशिक्षण के लिए सांस्थानिक व अन्य व्यवस्थाओं का आयोजन या उन्हें सहयोग प्रदान करना;
- सार्वधिक रूप से उन क्षेत्रों के बारे में बताना जिन क्षेत्रों में और जिन विषयों पर दर्शनशास्त्र में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा दर्शनशास्त्र में उपेक्षित या विकासशील क्षेत्रों में शोध के विकास के लिए विशेष उपाय अपनाना;
- दर्शनशास्त्र में शोध गतिविधियों का समन्वय करना और अंतरविषयक शोध के कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना;
- दर्शनशास्त्र में शोध के बढ़ावा देने के लिए सेमिनारों, विशेष पाठ्यक्रमों, अध्ययन–मंडल, कार्य समूहों/इकाइयों और सम्मेलनों का आयोजन, प्रायोजन और सहयोग प्रदान करना और इसी उद्देश्य के लिए संस्थानों की स्थापना करना;
- दर्शनशास्त्र में शोध को समर्पित पत्रिकाओं, जर्नलों, सावधिक पत्रिकाओं और विद्वतापूर्ण कार्यों के

प्रकाशन के लिए अनुदान प्रदान करना और साथ ही उनका प्रकाशन करना;

- छात्रों, शिक्षकों व अन्य लोगों के द्वारा दर्शनशास्त्र में शोध के लिए अध्येतावृत्तियों, छात्रवृत्तियों और पुरस्कारों की शुरुआत और उनका संचालन करना;
- आंकड़ों के रख–रखाव व आपूर्ति करने, दर्शनशास्त्र में वर्तमान शोध की एक सूची तैयार करने और दार्शनिकों के लिए एक राष्ट्रीय रजिस्टर तैयार करने समेत प्रलेखन सेवाओं को विकसित करना और सहयोग देना;
- भारतीय दार्शनिकों और दार्शनिक संस्थानों तथा अन्य देशों के दार्शनिकों और संस्थानों के बीच शोध के लिए सहयोग को बढ़ावा देना;
- प्रतिभावान युवा दार्शनिकों का समूह विकसित करने के लिए विशेष कदम उठाना और विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों में कार्यरत युवा दार्शनिकों द्वारा शोध को प्रोत्साहित करना;
- सरकार द्वारा समय–समय पर मांगे जाने वाले सुझावों के लिए दर्शनशास्त्र के शिक्षण और शोध से जुड़े सभी मुद्दों पर भारत सरकार को सलाह देना;
- दर्शनशास्त्र में शोध के विकास के लिए पारस्परिक रूप से सहमत हुए शर्तों पर अन्य संस्थानों, संगठनों और एजेंसियों के साथ सहयोगात्मक समझौता करना;
- दर्शनशास्त्र में अध्यापन और शोध को बढ़ावा देना;
- दर्शनशास्त्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए आमतौर पर समय–समय पर जरूरी पाए जाने वाले ऐसे सभी उपाय करना, और
- नियम और विनियम के प्रावधानों के अनुसार परिषद् में अकादमिक, प्रशासनिक, तकनीकी, अनुसचिवीय और अन्य पदों का निर्माण करना और नियुक्तियां करना

ज़ोर दिए जाने वाले क्षेत्रः–

1. सत्य और ज्ञान के सिद्धांत
2. मूल्यपरक अन्वेषण – भारतीय संस्कृति में सन्निहित मूलभूत मूल्यों और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनकी प्रासंगिकता सहित नीतिशास्त्र, और सौंदर्यशास्त्र
3. कला और मानविकी के विविध पहलुओं पर अंतर्वैषयिक अन्वेषण
4. दार्शनिक प्रणालियों/आंदोलनों और धर्म में तुलनात्मक और समालोचनात्मक अध्ययन।

5. तर्क और तर्क का दर्शन शास्त्र
6. गणित का दर्शन शास्त्र
7. भाषा का दर्शन शास्त्र
8. दर्शन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी
9. मानव का दर्शन और पर्यावरण
10. सामाजिक और राजनीतिक दर्शन
11. विधि दर्शन
12. तत्त्वमीमांसा
13. शिक्षा दर्शन
14. सामाजिक विज्ञान दर्शन
15. नारीवाद दर्शन

निधीयन / वित्त

परिषद् का निधीयन–वित्त मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आवंटित और जारी किए गए अनुदान पर निर्भर करता है।

(क) वर्ष 2017–18 के दौरान, परिषद् ने गैर–योजनाबद्ध कार्यकलापों के लिए 1817.08 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त किया।

योजना और गैर योजना मद में पिछले वित्तीय वर्ष का ओपनिंग बेलेंस	मा.स.वि.भ. द्वारा अनुदान की प्राप्ति	बजट / अनुदान की प्राप्ति	कुल प्राप्त के अनुदान साथ प्राप्तियां आदि	इस वर्ष के दौरान व्यय	वि. वर्ष (कॉलम 5–6) का आरम्भिक शेष
131.62	1817.08	1817.08	2000.86	1748.02	252.84

2. संगठनात्मक संरचना

परिषद् की सदस्यता व्यापक आधार पर है, जिसमें जाने–माने दार्शनिक, समाज विज्ञानी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भा.सा.वि.अ.प.) भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् (भा.इ.अ.प.) भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि शामिल हैं। परिषद् में मुख्य रूप से निर्णय लेने का अधिकार शासी निकाय और शोध परियोजना समिति को है। इन निकायों की सुपरिभाषित शक्तियां और कार्य हैं। शासी निकाय परिषद् के मामलों को प्रशासित, निर्देशित और नियंत्रित करता है, जिसमें अध्यक्ष, सदस्य सचिव, परिषद् द्वारा नियुक्त कम से कम तीन और अधिक से अधिक आठ सदस्यगण, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और वित्त मंत्रालय से एक–एक प्रतिनिधि तथा उत्तर प्रदेश सरकार के दो नामित सदस्य होते हैं। शोध परियोजना समिति में अध्यक्ष, परिषद् द्वारा नियुक्त कम से कम पांच और अधिक से अधिक नौ सदस्यगण तथा सदस्य सचिव शामिल होते हैं। यह समिति परिषद् द्वारा प्राप्त अथवा नियोजित परियोजनाओं, परिसंवादों व अन्य प्रस्तावों के लिए अनुदानों की जांच करती है और मंजूरी देती है।

वित्त समिति निम्नलिखित से मिलकर बनती हैः– अध्यक्ष के रूप में सदस्य सचिव, शासी निकाय के सदस्यों द्वारा मनोनीत उसका एक सदस्य, सदस्यों के रूप में केंद्र सरकार के दो प्रतिनिधि, और सदस्य सचिव के रूप में निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)। वित्त समिति बजट आकलनों तथा भा.दा.आ.प. द्वारा व्यय से संबंधित प्रस्तावों की जांच करती है और अनुमोदन करती है।

अध्यक्ष और सदस्य सचिव को केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है जिनकी सुपरिभाषित शक्तियां और कर्तव्य होते हैं।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान, प्रोफेसर एस.आर. भट्ट परिषद् के अध्यक्ष पद पर बने रहे। प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला भा.दा.आ.प. के सदस्य सचिव बने रहे।

डॉ. पूजा व्यास भा.दा.आ.प. बतौर निदेशक (अकादमिक) बनी रही। श्री श्रीकुमारन एस. बतौर निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) के पद पर बने रहे यद्यपि उनका पद विज्ञापित गया है। डॉ. सुशीम दुबे और डॉ. सरोज कांता कार भी क्रमशः नई दिल्ली स्थित भा.दा.आ.प. में और लखनऊ स्थित अकादमिक केंद्र में कार्यक्रम अधिकारियों के पद पर बने रहे।

3. गोष्ठियां

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान, भा.दा.अ.प. ने क्रमशः केवल एक बार 29 मार्च, 2018 को बैठकें कीं। शासी निकाय की बैठकें 30 अप्रैल 2018 और 29 मार्च 2018 को आयोजित की गईं। वित्त समिति की 30 अप्रैल 2017 और 21 सितम्बर 2017 और 24 मार्च 2018 को तीन बार बैठकें आयोजित की गईं। इस अवधि के दौरान अनुसंधान परियोजना समिति की 18 अप्रैल 2017, 11 सितंबर 2017, 13 नवम्बर 2017 और 28 मार्च 2018 को चार बैठकें हुईं।

4. शोधवृत्तियां

अपनी शोधवृत्ति योजना के माध्यम से, भा.दा.अ.प. का लक्ष्य है विद्वानों को, और विशेषकर युवा विद्वानों को अवसर प्रदान कर विभिन्न स्तरों पर दर्शनशास्त्र में शोध को बढ़ावा देना ताकि वे अपने रुचि के विषयों पर शोध परियोजनाओं में पूरे समय के आधार पर जुड़े रहें। अनुसंधान के जो विषय सामान्य रूप से दर्शनशास्त्र के प्रमुख क्षेत्रों और संबद्ध विषयों के अंतर्गत आते हैं, परिषद् ने उनकी पहचान की है और वे इस प्रकार हैं:

- सत्य और ज्ञान के सिद्धांत
- मूल्यपरक अन्वेषण – भारतीय संस्कृति में सन्निहित मूलभूत मूल्यों और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनकी प्रासंगिकता सहित नीतिशास्त्र, और सौंदर्यशास्त्र
    - कला और मानविकी के विविध पहलुओं पर अंतर्वैषयिक अन्वेषण
    - दार्शनिक प्रणालियों/आंदोलनों और धर्म में तुलनात्मक और समालोचनात्मक अध्ययन।
    - तर्कशास्त्र और उसका दर्शनशास्त्र
    - गणित का दर्शनशास्त्र
    - भाषा का दर्शनशास्त्र
    - दर्शनशास्त्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी

- मानव दर्शनशास्त्र और पर्यावरण
- सामाजिक और राजनीतिक दर्शनशास्त्र
- विधि का दर्शनशास्त्र
- तत्वामीमांसा
- शिक्षा का दर्शनशास्त्र
- सामाजिक विज्ञान का दर्शनशास्त्र
- नारीवाद का दर्शनशास्त्र

भा.दा.अ.प. ने राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से शोधवृत्तियों के लिए (राष्ट्रीय शोधवृत्तियों को छोड़कर) आवेदन आमंत्रित किए। भा.दा.अ.प. द्वारा सभी शोधवृत्तियों की वर्तमान दरों में दिनांक 1-7-2015 से 10 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई। शोधवृत्तियों की विभिन्न श्रेणियों का विवरण नीचे दिया गया हैः

राष्ट्रीय शोधवृत्तियां

राष्ट्रीय शोधवृत्तियां उन प्रसिद्ध विद्वानों को दी जाती हैं, जिन्होंने दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। शोधवृत्ति की राशि 60,500/- रुपये प्रति माह और वार्षिक आकस्मिक राशि 66,000/- रुपये निर्धारित की गई है। ये शोधवृत्तियां आवेदन आमंत्रित किए बिना तथा विशुद्ध रूप से योग्यता और श्रेष्ठता के आधार पर दी जाती हैं। इसमें विद्वानों की उम्र और आधिकारिक स्तर कोई मायने नहीं रखता है।

परिषद् ने 2017–18 में कोई राष्ट्रीय शोधवृत्ति नहीं दी। प्रोफेसर पनीर सेल्वम 15 अक्टूबर 2015 को राष्ट्रीय अध्येता के रूप में जुड़े थे और उन्होंने प्रतिवेदित वर्ष के दौरान **"अंडरस्टैंडिंग द प्रॉब्लम्स ऐंड मेथड्स इन रीसेंट इंडियन फिलॉसफीः ए हर्मिन्यूटिकल स्टडी"** परियोजना पर काम करना जारी रखा।

2017–18 में, दो राष्ट्रीय अध्येता शामिल हुए और अपने शोध कार्य में लगे रहेः

1. प्रोफेसर के. रामकृष्ण राव "भगवद् गीताः ए स्टडी इन साइकोलॉजिकल काउंसलिंग" विषय पर काम कर रहे हैं।
2. प्रोफेसर वशिष्ठ त्रिपाठी, "सामान्य निरुक्ति गदाधारी की विवेचना" विषय पर काम कर रहे हैं।

वरिष्ठ शोधवृत्तियां

वरिष्ठ शोधवृत्तियां उन विद्वानों को दी जाती हैं जिनके द्वारा लिखित उच्च स्तर की प्रकाशित पुस्तकें हों। ये शोधवृत्तियां दर्शनशास्त्र के उन सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अनुभवी विद्वानों के लिए हैं जिन्होंने दर्शनशास्त्र और संबंधित विषयों के अध्ययन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया हो जो उनके शोध पत्रों और पुस्तकों के प्रकाशन से स्पष्ट हो। शोधवृत्ति की राशि 44,000/- रुपये प्रति माह और आकस्मिक अनुदान 44,000/- रुपये प्रति वर्ष दिया जाता है। यह शोधवृत्ति दो वर्षों की अवधि के लिए दी जाती है।

2017–18 में, दो वरिष्ठ अध्येता शामिल हुए और अपने शोध कार्य में लगे रहे, वे इस प्रकार हैंः

1. प्रोफेसर मंगला आर. चिंचोरे "सम कन्सिडरेशंस कंसर्निंग अल्टरनेटिव फ्रेमवर्क्स ऑफ़ इंडियन इपिस्टेमोलॉजीः ए फिलोसॉफिकल इन्क्वायरी" विषय परियोजना पर काम कर रही हैं।
2. डॉ. अरुण कुमार सिंह "एम. के. गाँधी, डॉ बी. आर. अम्बेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्यायः एक तुलनात्मक दार्शनिक विश्लेषण" विषय परियोजना पर काम कर रहे हैं।

निम्नलिखित चार वरिष्ठ अध्येताओं ने 2016–17 से काम करना जारी रखा हैः

1. प्रोफेसर अमिताभ दासगुप्ता "सेल्फ,सेल्फ–नॉलेज एंड मॉरल एजेंसी" विषय परियोजना पर काम कर रहे हैं।
2. प्रोफेसर बी. संबाशिव प्रसाद "दी सोशियो–इकोनॉमी फिलॉसोफी ऑफ़ महात्मा गाँधी विथ स्पेशल रेफरेन्स टू कांसेप्ट्स ऑफ़ स्वराज, स्वदेशी, ब्रेड लेबर, ट्रस्टीशिप एंड सर्वोदय" विषय परियोजना पर काम कर रहे हैं।
3. प्रोफेसर एस. श्याम किशोर सिंह "कन्वर्जेन्स ऑफ़ थॉट बिटवीन दी ट्रेडिशनल मणिपुरी फिलोसॉफिकल एंड रिलीजियस राईटिंग्स एंड सम आस्पेक्ट्स ऑफ़ दी वैदिक, पुराणिक एंड तांत्रिक स्क्रिप्चर्स" विषय परियोजना पर काम कर रहे हैं।
4. डॉ. अरुण मिश्रा "गोतमीय न्याय की मूलभूत अवधारणाएँ (मौलिक ग्रंथों पर आधारित न्याय की मूलभूत अवधारणाओं की विकास–यात्रा)" विषय परियोजना पर काम कर रहे हैं।

सामान्य शोधवृत्तियां

सामान्य शोधवृत्तियां उन विद्वानों को दी जाती हैं जिन्होंने स्वतंत्र शोधकार्य में महत्त्वपूर्ण सक्षमता और योग्यता प्रदर्शित की है। यह पुस्तकों और शोध लेखों के रूप में उनके प्रकाशन से स्पष्ट हो जाता है। इस श्रेणी की शोधवृत्ति के पुरस्कार का निर्धारण प्रत्याशी के प्रकाशित कार्य (पुस्तकें अथवा लेख) के रूप में अथवा अप्रकाशित रूप में शोधकार्य की गुणवत्ता के आधार पर किया जाता है। पत्रों की आवेदन जांच–पड़ताल के बाद, योग्य प्रत्याशियों को उनकी परियोजना के प्रस्तावों की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। इस श्रेणी में शोधवृत्ति की राशि 30,800/- रुपये प्रति माह और आकस्मिक अनुसंधान 22,000/- रुपये प्रतिवर्ष है। यह शोधवृत्ति दो वर्षों की अवधि के लिए दी जाती है।

वर्ष 2016–17 के दौरान शोध परियोजनाओं पर काम करने के लिए और शोध परियोजनाओं को जारी रखने वाले निम्नलिखित अध्येताओं को निम्नलिखित सामान्य शोधवृत्तियां प्रदान की गईं :

सामान्य शोधवृत्तियाँ 2016–17

क्र.म.	श्रेणी	नाम	शोध का शीर्षक	टिप्पणी
1.	सामान्य	जय शंकर सिंह	आधुनिक सन्दर्भ में तंत्र दर्शन की मूल्य मीमांसा	कार्यरत रहे
2.	सामान्य	जयंत उपाध्याय	भारतीय दर्शनशास्त्र में वाक्यार्थ प्राविधि	कार्यरत रहे
3.	सामान्य	शंकर कुमार लाल	स्वस्थ्य समाज की रचना में योगदर्शन की भूमिका	कार्यरत रहे
4.	सामान्य	सत्य नारायण देवलिया	पुरुषार्थ व्यवस्था एवं उसका समसामयिक औचित्य	कार्यरत रहे
5.	सामान्य	रविशंकर सिंह	डायिहेलिक एंड सिंक्रोनिक स्टडी ऑफ़ एनवायर्नमेंटल ट्रांक्विलिटी विथ बुद्धिस्ट पेर्स्पेक्टिव	कार्यरत रहे
6.	सामान्य	ईश्वर सिंह	कांसेप्ट ऑफ़ ह्यूमन नेचर एंड फिलॉसफी ऑफ़ एजुकेशनः ए स्टडी विथ स्पेशल रिफरेन्स टू अरबिंदो, कृष्णमूर्ति एंड टैगोर	कार्यरत रहे

7.	सामान्य	राजीव कुमार सरावगी	इंटीग्रेल ह्यूमन फिलॉसोफीः मॉडर्न सरकमस्टेन्सेस एंड साइन्टफिक रिसर्च बोर्न इन पर्सपेक्टिव ऑफ़ द वर्ल्डव्यू	कार्यरत रहे
8.	अ.पि.वर्ग	जाहिरा खातून	आधुनिक शिक्षा पाठ्यकर्मों में नैतिक मूल्यों का स्वरुप, महत्व एवं अपेक्षित परिणाम मूलक चुनौतियां तथा समाधान	कार्यरत रही
9.	अ.पि.वर्ग	अकन्या पद्मजा	एथिकल वैल्यूज ऑफ़ भगवद गीता एंड देयर रेलेवंस टू कंटेम्पोररी सोसाइटी	कार्यरत रही
10.	अ.पि.वर्ग	जयन जे.	सिक्खीज्म एंड तमिल रिलीजियस ट्रेडिशनः ए सोशियो–फिलोसोफिकल एनालिसिस	कार्यरत रहे
11.	अ.पि.वर्ग	ऋषिका वर्मा	भामती एवं विवरण प्रस्थान का तुलनात्मक अध्ययन	कार्यरत रही
12.	अ.जा.	मौसमी सोलंकी	मानवकल्याण के लिए धर्म एवं पर्यावरण	कार्यरत रही
13.	अ.जा.	शालिग्राम अहिरबार	आधुनिक भारतीय चिंतन में नव्यवेदान्त : एक समालोचनात्मक अध्ययन (विवेकानन्द एवं रामतीर्थ के विशेष सन्दर्भ में	कार्यरत रहे
14.	अ.जा.	राजीब लोचन बेहरा	इज सेनामाटिक्स पॉसिबल थ्रू डिस्कोर्स एनालिसिस एंड कल्चरल यूनिटी ?	कार्यरत रहे
15.	सामान्य	जय प्रकाश तिवारी	डीप इकोलॉजिकल इनसाइट्स ऑफ इंडियाः रिफ्लेक्शन ऑन दी वैदिक एंड बुद्धिस्ट फिलॉसोफी	कार्यरत रहे

निम्नलिखित विद्वानों को उनके संबंधित शोध विषयों पर 2017–18 में सामान्य शोधवृत्तियों से सम्मानित किया गयाः

सामान्य शोधवृत्तियाँ 2017–18

योग	श्रेणी	नाम	शोध का शीर्षक	टिप्पणी
1.	सामान्य	डॉ. पवन कुमार जैन	प्राकृतिक आगम व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र पर आचार्य अभयदेवसूरी (12वी शती) विरचित संस्कृत वृत्ति के 25 शतकों का अनुवाद एवं उसमें प्राप्त दार्शनिक अवधारणाओं का समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे

2.	सामान्य	डॉ. मनोज कुमार	एकात्मक मानववाद दर्शन : अंतिम समन्वय (विशेष सन्दर्भ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय	कार्यरत रहे
3.	सामान्य	डॉ. जगदीश नारायण तिवारी	आधुनिक सौन्दर्यशास्त्रालोके कालिदस्य ग्रन्थेषु सौन्दर्यतत्व विवेचनम	कार्यरत रहे
4.	सामान्य	डॉ. सुनील कुमार शुक्ल	कौटिलीय लोक दर्शन की समकालीन समीक्षा	कार्यरत रहे
5.	सामान्य	डॉ. सोनी कुमारी	एकात्म–मानव दर्शन में अत्योदय की अवधारणा : एक समीक्षात्मक अध्ययन (पडित दीनदयाल उपाध्याय के विशेष सन्दर्भ में)	कार्यरत रही
6.	सामान्य	डॉ. महेंद्र प्रसाद	कबीर–चिंतन में सामाजिक न्याय : एक दार्शनिक विवेचन	कार्यरत रहे
7.	सामान्य	डॉ. स्मिता तेलंग	आचार्य जयतीर्थ कृत 'प्रमाण–पद्धति' का समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रही
8.	सामान्य	डॉ. हिमांशु शेखर सिंह	पुरुषार्थ की अवधारणा में निहित मूल्यों का राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अवदान : एक समीक्षात्मक विमर्श	कार्यरत रहे
9.	सामान्य	डॉ. अल्लादी वीरभद्र राव	दी नेसेसिटी ऑफ़ टीचिंग एथिक्स टू मेडिकल एंड पैरामेडिकल स्टूडेंट्स इन इंडिया	कार्यरत रहे
10.	सामान्य	डॉ. सरीम अब्बास	ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ़ एथिक्स इन एक्सिस्टेंटिअलिस्म एंड जैनिज़्म	कार्यरत रहे
11.	सामान्य	डॉ. धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा	भारतीय ऋण व्यवस्था एवं मानव मूल्य : एक समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
12.	अ. जा.	डॉ. ए. सुब्रमण्यमू	दी कांसेप्ट ऑफ़ माइंड एंड सुपरमाइंड इन व्यू ऑफ़ श्री अरबिंदो : ए क्रिटिकल स्टडी	कार्यरत रहे
13.	अ. जा.	डॉ. ओम प्रकाश	भारतीय भक्ति दर्शन में सामाजिक चेतना संत रविदास के विशिष्ट के सन्दर्भ में	कार्यरत रहे

कनिष्ठ अनुसंधान शोधवृत्तियां

कनिष्ठ अनुसंधान शोधवृत्ति के लिए प्रत्याशी के स्नातकोत्तर में कम से कम 55 प्रतिशत (अ.जा. /अ.ज.जा. प्रत्याशी के लिए 5 प्रतिशत की छूट) अंक होने चाहिए और दर्शनशास्त्र में पीएच.डी. कार्यक्रम अथवा अध्ययन के संबद्ध क्षेत्रों में पंजीकरण आवश्यक है। कनिष्ठ अनुसंधान शोधवृत्ति के लिए संस्थागत संबद्धता भी अनिवार्य है।

ये शोधवृत्तियां दो वर्षों की अवधि के लिए प्रदान की जाती हैं जिनमें प्रतिमाह 17,600 रुपये प्रति माह का अध्येतावृत्ति और प्रति वर्ष 16,500 रुपये का आकस्मिक अनुदान दिया जाता है। शोधवृत्ति की इस श्रेणी में वेतन संरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, यदि अध्येता द्वारा अपने कार्यकाल में किया गया कार्य प्रकाशन के योग्य पाया जाता है, तो ऐसे विशिष्ट मामलों में शोधवृत्ति को तीसरे वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

वर्ष 2016–17 में निम्नलिखित विद्वानों को कनिष्ठ अनुसंधान शोधवृत्तियां प्रदान की गईः

कनिष्ठ अनुसंधान शोधवृत्तियाँ 2016–17

क्र.म.	श्रेणी	नाम	शोध का शीर्षक	टिप्पणी
1.	सामान्य	सिजो सेबेस्टियन	एपिस्टीमिक क्रेडेंसिअल्स ऑफ़ रिलीजियस बिलीफ : ए कंटेम्पोररी रीडिंग रिलीजियस ऐपिस्टेमोलॉजी	कार्यरत रहे
2.	सामान्य	ग़ज़ला रिज़वी	इंटरफेस बिटवीन परफेक्ट जस्टिस एंड मिनिमाइज़िंग जस्टिसः ए क्रिटिकल स्टडी	कार्यरत रही
3.	सामान्य	आभा त्रिपाठी	मानव मूल्य के संदर्भ में वैज्ञानिक दृष्टिकोण : एक दार्शनिक गवेषणा	कार्यरत रही
4.	अ.पि.वर्ग	सरोज यादव	मनुष्य की नियति और स्वतंत्रता की अस्तित्ववादी अवधारणा : एक आलोचात्मक अध्ययन	कार्यरत रही
5.	सामान्य	पानू शर्मा	द वेदांत फिलॉसोफी ऑफ़ नारायण गुरु एंड इट्स रेलेवेंस टू द कंटेम्पोररी सोसाइटी	कार्यरत रही

6.	सामान्य	गुरप्रीत कौर	एन एपिस्टेमोलॉजिकल स्टडी ऑफ़ शब्द प्रमाण विथ स्पेशल रिफरेन्स टू पूर्व–मीमांसा स्कूल ऑफ थॉट	कार्यरत रही
7.	सामान्य	स्निग्धा केतन चव्हाण	अंडरस्टैंडिंग एन्ड्रॉयनिस्म इन बुद्धिज़्म : ए फिलोसॉफिकल स्टडी	कार्यरत रही
8.	सामान्य	बरुण कुमार चौबे	महात्मा गांधी के नैतिक दर्शन का एक समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
9.	सामान्य	सलोनी सिंह	ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ़ दी कांसेप्ट ऑफ़ कर्म इन इंडियन फिलॉसोफी विथ स्पेशल रिफरेन्स टू बुद्धिज़्म, जैनिज़्म, मीमांसा एंड गीता दर्शन	कार्यरत रही
10.	अ.पि.व.	मोनालिसा सैकिया	फिलॉसोफी पर्सपेक्टिव ऑफ़ पनिशमेंटः ए रिफरेन्स टू विनय पिटक एंड सुत्त पिटक	कार्यरत रही
11.	अ.पि.व.	सुश्री आराधना सिंह	डॉ. बी.आर. अम्बेडकर का धर्म दर्शन : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	त्यागपत्र दिया
12.	सामान्य	श्रीरूपा दत्त चौधरी	अपेयरेंस एंड रियलिटी (विथ रिफरेन्स टू कांट एंड हेगेल)	कार्यरत रही
13.	सामान्य	ऋचा कपूर	मीनिंग, माइंड एंड द वर्ल्डः ए स्टडी ऑफ डोनाल्ड डेविडसन	पाण्डुलिपि प्रस्तुत किया
14.	अ.ज.जा.	गाइचुइमिल्लू पल्मी	मेसिनिज्मः ए स्टडी इन डायलेक्टिक्स एंड डिकंस्ट्रक्शन	पाण्डुलिपि प्रस्तुत किया
15.	सामान्य	मंशा पांडे	नागार्जुन एवं शंकराचार्य के दर्शन में संवित्ति की अवधारणा : एक तुलनात्मक अध्ययन	कार्यरत रही
16.	सामान्य	अतिया लतीफ	द एथिक्स ऑफ ऑथेंटिसिटीः एक्ज़िस्टिविज़्म एंड बियॉन्ड	त्यागपत्र दिया
17.	अ.पि.व.	पूजा कुमारी	कश्मीर शैव दर्शन का अद्वैतवाद	त्यागपत्र दिया

18.	सामान्य	पार्थ एस. शर्मा	कान्ट्स ट्रान्सडैंटल डिडक्शन एंड अपोडिक्टिस सर्टेटी ऑफ़ साइंटिफिक नॉलेज	कार्यरत रहे
19.	अ.पि.व.	सहस्त्रंगद कुमार यादव	वैश्वीकरण एवं आतंकवाद के सन्दर्भ में महात्मा गांधी के सर्वोदय और अहिंसा सिद्धांत का एक समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
20.	सामान्य	राकेश एस.	मैटर–स्पिरिट इंटेग्रलिटी इन श्री अरबिंदोस इंटेग्रल योग	कार्यरत रहे
21.	सामान्य	शील कमल चौरसिया	एन एनालिसिस ऑफ़ दी कांसेप्ट ऑफ़ 'डिटैचमेंट' इन इंडियन एंड वेस्टर्न फिलॉसोफी	कार्यरत रहे
22.	अ. जा.	मंजू वर्मा	संत रैदास के धार्मिक–सामाजिक दर्शन का समीक्षात्मक अनुशीलन	कार्यरत रही
23.	अ.पि.व.	रेशमा ई के	मशीन इंटेलिजेंस एंड द नेचर ऑफ कॉन्शियसनेसः एन एनालिटिक स्टडी	कार्यरत रही
24.	सामान्य	बिलाल अहमद दादा	पॉलिटिकल फिलोसॉफी ऑफ़ रिचर्ड रोर्टी : ए क्रिटिकल स्टडी	कार्यरत रहे
25.	सामान्य	शगुफ्ता जाफरी	सोशल फिलोसॉफी ऑफ़ संत कबीरः ए क्रिटिकल स्टडी	कार्यरत रही
26.	अ. जा.	विजय कुमार	बौद्ध दर्शन के विकास में डॉ. अम्बेडकर का योगदान	कार्यरत रहे
27.	अ.पि.व.	कल्पना बेहरा	ए स्टडी ऑफ़ श्री रामायण कवीस वेदांत संग्रह	कार्यरत रही
28त्र	सामान्य	आरिफ़ा आरा बेगम	दा एथिक्स ऑफ़ कान्ट्स एंड दी टीचिंग्स ऑफ़ दी भगवद्गीता : ए कम्पेरेटिव स्टडी	कार्यरत रही
29.	अ.पि.व.	चंद्र किशोर	कश्मीरशैवदर्शनस्य संप्रदाय–परम्परा–परिशीलनम्	कार्यरत रहे
30.	सामान्य	अकबर चौधरी	थ्योरी एंड प्रैक्टिस ऑफ़ जस्टिस : ए कम्पेरेटिव ऑफ़ अमर्त्य सेन एंड अकील बिलग्रामी	कार्यरत रहे
31.	अ.पि.व.	तेजराम पाल	गांधी दर्शन के समदर्शी नीतिशास्त्र के एकादश आधार (एक समीक्षात्मक अध्ययन)	कार्यरत रहे

32.	अ.पि.व	मंसूर आलम	रीज़न, रेवेलशन एंड इंट्यूशन इन ग़ज़ालिस फिलोसॉफी	कार्यरत रहे
33.	अ. जा.	नज़ाकित हुसैन	कांसेप्ट ऑफ़ जस्टिस इन मॉडर्न इस्लामिक पोलिटिकल थॉट	कार्यरत रहे
34.	अ.पि.व.	राज किशोर चौरसिया	स्वामी विवेकानंद के दर्शन में योग की अवधारणाः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
35.	अ. जा.	रमेश धीरावथ	सेवेन्टीन्थ सेंचुरी थेओरिएस ऑफ़ सब्सटांस–दोज़ ऑफ़ डेसकार्टेस, स्पिनोज़ा एंड लेइब्निज़ः ए कॉम्परेटिवे एनालिसिस ऑफ़ मेटाफिज़िकल अप्रोच	कार्यरत रहे
36.	अ.पि.वर्ग	अब्दुल लतीफ मंडल	बर्ट्रेंडरसेल्स फिलॉसफी ऑफ न्यूट्रल मोनिज्म	कार्यरत रहे
37.	अ.पि.वर्ग	पूजा	गण्डव्यूहसूत्रस्य समीक्षात्मकमध्ययन	कार्यरत रहे
38.	अ.पि.वर्ग	विभूति कुमार	एकादशोपनिषतप्रतिपदितसांख्येन सह कपिलसांखायस्य तुलनात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
39.	अ.पि.वर्ग	सरला साहू	दी टेन्डेन्सी ऑफ़ सिंथेसिस बिटवीन मटेरिअलिस्म एंड स्पिरिचालिस्म इन दी कंटेम्परारी इंडियन थॉट विथ रिफरेन्स टू श्री अरबिंदो एंड ओशो	कार्यरत रहे
40.	अ.पि.वर्ग	पानो कुमारी	वेदांत दर्शन में परम सत्ता का विचार (शंकर, रामानुज, मध्व, निम्बार्क एवं वल्लभ के दर्शन के विशेष सन्दर्भ में)	कार्यरत रही
41.	अ.पि.वर्ग	जोया निगार	दी प्लेस ऑफ़ रीज़न एंड रेवेलशन इन इस्लामिक फिलोसॉफी	कार्यरत रही
42.	अ.पि.वर्ग	रविशंकर कुमार	वैदिक एवं समकालीन अध्यात्मवाद : एक समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
43.	अ.पि.वर्ग	अंजलि बर्मन	स्वामी विवेकानंद, महात्मा गाँधी एवं सर्वपल्ली राधकृष्णन के धर्म विषयक चिंतन की वर्तमान समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता	कार्यरत रही

44.	अ.पि.वर्ग	वर्षा चौरसिया	स्वामी योगानंद का दर्शन–एक अनुशीलन	कार्यरत रही
45.	अ.पि.वर्ग	चक्रपाणि पोखरेल	व्याकरणाभीमतसंबंधतत्वस्य दर्शानान्तरीयसंबंधेंन सह समीक्षात्मक मध्ययनम्	कार्यरत रहे
46.	अ.पि.वर्ग	अवधेश कुमार	कबीर पंथ के विकास में पारख मार्ग की भूमिका	कार्यरत रहे
47.	सामान्य	जान मोहम्मद लोन	कांसेप्ट ऑफ़ गॉड एंड वर्ल्ड इन रामानुज और सरहिंदीः ए कम्पेरेटिव स्टडी	कार्यरत रहे
48.	सामान्य	प्रेम लता	विश्वेश्वरकतायाः अष्टावक्रगीताटीकायाः अध्यात्मप्रदीपिकायाः पाठसमीक्षात्मकं सम्पादनं दार्शनिकमध्ययनच्च	कार्यरत रहे
49.	सामान्य	शशिकांत मिश्रा	हिन्द स्वराज के सन्दर्भ में सामाजिक–राजनीतिक परिवर्तनों का समीक्षात्मक अनुशीलन	कार्यरत रहे
50.	सामान्य	रेयाज अहमद भट	एन एनालसिस ऑफ़ मेजर सोशल वैल्यूज ऑफ़ कुरान	कार्यरत रहे
51.	सामान्य	बीना मिश्रा	अमृतोदय नाटकस्य दार्शनिकम् अध्ययनम्	कार्यरत रहे
52.	सामान्य	हरीश कुमार	श्रीशंकराचार्यरचित विवेकचूड़ामणि का समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
53.	सामान्य	दीपक कुमार पांडे	दिनकार्याः गुणनिरुपणस्य समीक्षणम्	कार्यरत रहे
54.	सामान्य	अश्विनी कुमार कालरा	कर्म योग : ए फिलॉसॉफिकल एनालिसिस इन विवेकनन्दस एंड गांधीस पर्सपेक्टिव एंड इट्स एजुकेशनल इम्प्लिकेशन्स	कार्यरत रहे
55.	सामान्य	सुरिंदर कुमार शर्मा	विज्ञानभिक्षुकृत योगवार्त्तिक का समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
56.	सामान्य	श्रद्धा कुमारी	महायान की साधना पद्धति : एक दार्शनिक अध्ययन	कार्यरत रही

57.	सामान्य	नवनीत शर्मा	योगसाधनोपायो का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परिशीलन (पतञ्जलि योगसूत्र के विशिष्ट संदर्भ में)	कार्यरत रहे
58.	सामान्य	प्रिंस कुमार सिंह	न्याय तर्कशास्त्र में हेतु एवं हेत्वाभास	कार्यरत रहे
59.	सामान्य	मंजीत कौर	श्रीकेशवकश्मीरीभट्टविरचित वेदांतकौस्तुभप्रभायाः समीक्षणम्	कार्यरत रही
60.	सामान्य	अंजना ई.पी.	एनवायर्नमेंटल एथिक्स : इंटरप्रेटिव प्रॉस्पेक्ट्स ऑफ़ सांख्य योग एंड बुद्धिज़्म	कार्यरत रही

2017—18 के लिए निम्नलिखित विद्वानों को कनिष्ठ अनुसन्धान शोधवृत्तियो से सम्मानित किया गया जो निम्नानुसार हैः

कनिष्ठ अनुसन्धान शोधवृत्तियाँ 2017—18

क्र.म.	श्रेणी	नाम	शोध का शीर्षक	टिप्पणी
1.	सामान्य	श्री विनय गोपाल त्रिपाठी	आचार्यश्रीशान्तरक्षितविरचितस्य तत्त्वसंग्रहस्य मध्यमकशास्त्रेण सह तुलनात्मकमध्ययनम्	कार्यरत रहे
2.	सामान्य	दिग्विजय मिश्रा	वेदांत विरोध—निरास	कार्यरत रहे
3.	सामान्य	श्री नीरज कुमार पांडे	दा होलिस्टिक विज़न ऑफ़ जिद्दू कृष्णमूर्ति एंड इट्स कंटेम्पोररी रेलेवेंस	कार्यरत रहे
4.	सामान्य	सुश्री देबस्मिता चक्रवर्ती	प्रैगमैटीक टर्न टू लिंगविस्टिक फिलोसॉफी : ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ़ रिचर्ड रॉर्टीज वर्क्स	कार्यरत रही
5.	सामान्य	सुश्री देवप्रिया चक्रवर्ती	फ्रॉम मोरल फिलोसॉफी टू पॉलिटिकल थॉट : एन एक्सप्लोरेशन ऑफ़ दी कांटियन पाथ	कार्यरत रही
6.	सामान्य	श्री आशीष कुमार	नैतिक संज्ञानवाद का समीक्षात्मक सर्वेक्षण	कार्यरत रही

7.	सामान्य	श्री मनोज कुमार मिश्रा	जयंत भट्ट एवं विट्गेंस्टाइन के विशेष सन्दर्भ में भाषा–दर्शन का तुलनात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
8.	सामान्य	सुश्री प्रतिमा शाही	गुरुनानक के अध्यात्म दर्शन का समीक्षात्मक अनुशीलन	कार्यरत रही
9.	सामान्य	सुश्री के. निरुपमा सिंहा	कैपबिलिटी एप्रोच टू फ्रीडम : ए क्रिटिकल अप्रैज़ल	इस्तीफा दे दिया
10.	सामान्य	सुश्री मनीषा सिंह	भारतीय दर्शन में आत्मा की वस्तुवादी अवधारणा का समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
11.	सामान्य	श्री श्याम रंजन पांडेय	समसामयिक परिप्रेक्ष्य में अस्तित्ववादी दर्शन की प्रासंगिकता : सार्त्र के विशेष सन्दर्भ में एक समीक्षात्मक अध्ययन	कार्यरत रहे
12.	सामान्य	सुश्री रेशमी सरकार	दी प्रॉब्लम ऑफ़ मीनिंग : ए फ्रेजां अकाउंट	इस्तीफा दे दिया
13.	सामान्य	श्री अजय कुमार सिंह	उपनिषद दर्शन में संपोष्य विकास की अवधारणा : एक अनुसन्धान	कार्यरत रहे
14.	सामान्य	सुश्री दयिता रॉय	कॉन्सेप्ट ऑफ़ बॉडी : ए ग्लिम्पस इनटू द न्याय एंड बुद्धिस्ट कॉन्ट्रोवर्सी (विथ स्पेशल रेफ़रेन्स टू न्याय–भाष्य एंड लंकावतार–सूत्र)	कार्यरत रही
15.	सामान्य	सुश्री रितु शर्मा	माइंडफुल्नेस्स इन एजुकेशनः टू असेस दी इम्पैक्ट ऑफ़ मैडिटेशन ऑन स्ट्रेस लेवल एंड वेल बीइंग इन हायर सेकेंडरी स्टूडेंट्स	कार्यरत रही
16.	सामान्य	श्री अरूप दारिपा	फेमिनिस्ट फिलॉसॉफी ऑफ़ टैगोरः एन एक्सप्लोरेशन	कार्यरत रहे
17.	सामान्य	श्री अंकित कुमार	आर्य समाज का धर्मदर्शन : एक दार्शनिक विवेचना	कार्यरत रहे
18.	सामान्य	सुश्री शशिकला यादव	महाभारत के शांतिपर्व का नीतिशास्त्रीय अध्ययन (वर्तमान धार्मिक एवं सामाजिक परिपेक्ष्य में)	कार्यरत रही

19.	सामान्य	श्री अमित कुमार दुबे	दी डाइलेमा ऑफ़ टोलेरेंस एंड वायलेंस इन अब्रह्मिक कल्ट	कार्यरत रहे
20.	सामान्य	श्री श्रीकांत मिश्रा	न्यायदर्शनाभिमतव्याप्तिस्वरूपस्य दर्शनान्तरदिशा समीक्षात्मकमध्ययनम	कार्यरत रहे
21.	सामान्य	सुश्री संध्या	पुरुषार्थ इन द कॉन्टेक्स्ट ऑफ़ स्वास्थ्य इन आयुर्वेदः ए स्टडी इन मेडिकल एथिक्स	कार्यरत रही
23.	सामान्य	श्री नितिन कुमार गुप्ता	तार्किक प्रत्यक्षवाद के सन्दर्भ में ज्ञान तथा अर्थ का आलोचनात्मक विश्लेषण	कार्यरत रहे
24.	सामान्य	श्री सलमान सिद्दीकी	जेंडर जस्टिस : ए जिनोलॉजिकल स्टडी	कार्यरत रहे
25.	सामान्य	श्री रोहित शर्मा	ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ़ शाक्ताद्वैत विथ स्पेशल रेफरन्स टू डॉक्ट्रिन ऑफ़ नाद	कार्यरत रहे
26.	सामान्य	श्री वरुण भट्ट	फिलोसोफिकल एनालिसिस ऑफ़ मैटर इन कंटेम्पररी फिजिक्स	कार्यरत रहे
27.	सामान्य	श्री पटेल नीरवकुमार हितेशभाई	गांधी फिलोसॉफी ऑफ़ खादी : ए स्टडी ऑफ़ द प्रैक्टिस ऑफ़ खादी इन गुजरात विद्यापीठ	कार्यरत रहे
28.	सामान्य	सुश्री सतरूपा चक्रवर्ती	मीनिंग ऑफ़ ट्रूथ : ए क्रिटिकल एनालसिस ऑफ़ माइकल ड्यूमेटस आंटीस रेअलिस्म	रूका हुआ है
29.	सामान्य	सुश्री वंदना शर्मा	आदि शंकराचार्यस अद्वैत–वेदांत फिलोसॉफी : ए वाएबल सॉल्यूशन टू एनवायर्नमेंटल डिसहार्मोनी	कार्यरत रही
30.	अ.जा.	सुश्री गुड़िया कुमारी	वर्तमान समय में योग की उपादेयता : एक वैज्ञानिक अध्ययन	कार्यरत रही
31.	अ.जा.	श्री रवि कुमार	लैंग्वेज एंड सोशल रियलिटी : ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ़ लुडविंग विट्गेंस्टीन एंड जॉन सेअरले	कार्यरत रहे
32.	अ.जा.	श्री होनवदजकर महेंद्र बाबूराव	रा.ना. चव्हाण के धर्मविषयक विचारों का तात्विक अध्ययन	कार्यरत रहे
33.	अ.जा.	सुश्री रीता टेटवाल	सिंहस्थ महापर्व का अध्यात्म–एक दार्शनिक विश्लेषण (उज्जयनी के विशेष सन्दर्भ में)	कार्यरत रही

34.	अ.जा	सुश्री रेखा सेठी	दी नेचर ऑफ़ नॉलेजः ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ़ डेकार्ट एंड स्पिनोज़ास थ्योरी ऑफ़ नॉलेज	कार्यरत रही
35.	अ.जा.	श्रीचंदन कुमार चंचल	अपराध निवृति और दंड सिद्धांत : एक सामाजिक एवं नैतिक अध्ययन	कार्यरत रहे
36.	अ.जा.	श्री सुरजीत मंडल	तर्कसंग्रहदीपिकायाः नीलकण्ठी–भास्करोदयाटीकयोस्तुलनात्मकमध्ययनम्	कार्यरत रहे
37.	अ.जा.	सुश्री शम्पू रानी	महाभारत में उपलब्ध सांख्य एवं योग दर्शन के संदर्भों की मीमांसा	कार्यरत रही
38.	अ.जा.	श्री सुरेन्द्र सिंह विरह	योग द्वारा मनोदैहिक आरोग्य एवं आध्यात्मिक स्वस्थ्य उत्कर्षः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन	कार्यरत रही

5. परिसंवाद / कार्यशाला / संगोष्ठी / सम्मेलन

विद्वानों को अपना शोध कार्य प्रस्तुत करने तथा अपने विचार रखने व अन्य विद्वानों के साथ विचार–विमर्श करने का अवसर प्रदान करने के लक्ष्य के साथ भा.दा.अ.प. दर्शनशास्त्र और अंतर्विषयक अध्ययनों के क्षेत्र में विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन करती है और अंतरराष्ट्रीय परिसंवादों में सहभागिता करती है।

अंतर्राष्ट्रीय गंगा–मेकांग सम्मेलन, थाईलैंड

गंगा–मेकांग सम्मेलन, 2018, का आयोजन भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली, भारत, द्वारा प्रीडी बैनोमॉन्ग इंटरनेशनल कॉलेज (पीबीआईसी) के सहयोग से, धम्मासात विश्वविद्यालय, बैंकाक, थाईलैंड, में 22–23 मार्च 2018 को आयोजित किया गया। सम्मेलन का स्थल सान्या धम्माशक्ति मीटिंग रूम, धम्मासात विश्वविद्यालय, बैंकॉक, थाईलैंड था। उद्घाटन समारोह में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों में माननीय श्री राम माधव, निदेशक, इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली, महामहिम श्री भगवंत सिंह बिश्नोई, थाईलैंड में भारत के राजदूत, एसोसिएट प्रोफेसर गैसिने विटूनचार्ट, प्रो. एस.आर. भट्ट, अध्यक्ष, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् और डॉ. नितिनांत विस्वाइसुआन, डीन (पीबीआईसी), धम्मासात विश्वविद्यालय आदि थे। स्वागत उद्बोधन डॉ. विस्वाइसुआन द्वारा करते

हुए कहा गया कि गंगा–मेकांग देशों के बीच सहयोग की समय की जरूरत है। उन्होंने धम्मासात विश्वविद्यालय की ओर से सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उद्घाटन भाषण थैमसैट विश्वविद्यालय के रेक्टर एसोसिएट प्रो. विंटूनचार्ट द्वारा दिया गया। मुख्य भाषण माननीय श्री राम माधव द्वारा दिया गया। डॉ. माधव ने कहा कि गंगा और मेकांग दोनों दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया की जीवन रेखा हैं और गंगा–मेकांग घाटी के सभी छह देशों ने इनके माध्यम से समान संस्कृति और धर्म को साझा किया है। सम्मानीय अतिथि, महामहिम श्री भगवंत सिंह बिश्नोई ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजकों को इस विषय पर सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने भारतीय दूतावास द्वारा भारत और थाईलैंड के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए की गई गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला।

पहला अकादमिक सत्र, जिसका विषय ''मेकांग–गंगा इकोनोमिक पार्टनरशिप'' था, की अध्यक्षता सहायक प्रो. एकरापोंग कामकॉन ने की थी। सत्र के पहले वक्ता प्रो. डॉ. जरीन मलुलेन थे। उनके पेपर का शीर्षक 'मेकांग गंगा कोओपरेशन–एन ओवरव्यू' था। सत्र के दूसरे वक्ता डॉ. सुप्रीत थ्वोर्नयुतिकरन थे। उनके पेपर का शीर्षक 'मेकांग–गंगा इकोनोमिक पार्टनरशिप' था। दूसरे शैक्षणिक सत्र का विषय 'लेंग्वेज एंड लिटरेचर' था। इसकी अध्यक्षता डॉ. अनुचा थिरकानोन ने की। सत्र के पहले वक्ता प्रो. सत्यव्रत शास्त्री थे। उनके शोधपत्र का शीर्षक था 'दि इम्पेक्ट ऑफ संस्कृत प्रोसोडी ऑन थाई पोयट्री'। प्रो. शास्त्री ने संस्कृत और थाई गद्यकाव्य के तुलनात्मक अध्ययन पर एक महत्वपूर्ण पेपर प्रस्तुत किया। दूसरे वक्ता थे डॉ. राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह। उनके शोधपत्र का शीर्षक था–'ग्लीमसिस ऑफ दि रामायना कल्चर इन गंगा–मेकान रिजन'। दिन के अंतिम सत्र की अध्यक्षता प्रो. एस.आर. भट्ट ने की। इस सत्र के पहले वक्ता प्रो. एस सहाय थे। उनके पेपर का शीर्षक 'द गंगा इन द मेकांग वैली' था। सत्र के दूसरे वक्ता प्रो. बैद्यनाथ लाभ थे। उनके पेपर का शीर्षक था 'बौद्ध धर्मः आसियान राष्ट्रों के बीच एक एकजुट बल'। उन्होंने मेकॉन्ग घाटी के लोगों के बौद्ध धर्म के महत्व और दिन–प्रतिदिन के जीवन पर इसके प्रभाव पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। सत्र के अंतिम वक्ता प्रो. चिरापत प्रपांडविद्या थे। उनके शोधपत्र का शीर्षक था 'अर्ली रिलिजियस इंटरफेस बिटवीन इंडिया एंड द मेकागं रिजसं'। दिन का तीसरा सत्र समापन समारोह था। प्रो. एस.आर. भट्ट और प्रो. सत्यव्रत शास्त्री समापन समारोह के सम्मानित अतिथि थे। समापन सत्र में मसौदा प्रस्ताव पारित किया गया और आयोजकों ने अपना अनुभव साझा किया। सम्मेलन का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

इंटरनेशनल इन्टर–रिलिजियस डायलॉग ऑन स्प्रीच्यूलिटी इन हिन्दूज्म एंड इस्लाम

ईरान कल्चर हाउस, ईरान के भारतीय दूतावास, नई दिल्ली और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् और इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ''इंटरनेशनल इन्टर–रिलिजियस डायलॉग ऑन स्प्रीच्यूलिटी इन हिन्दूज्म एंड इस्लाम'' विषय पर 25–26 अक्टूबर, 2017 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली, में आयोजित किया गया। प्रोफेसर एस.आर. भट्ट, अध्यक्ष, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने विषय प्रस्तावना प्रस्तुत की तथा आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर भट्ट ने बताया कि अंतर–धार्मिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि भारतीय विचार भौतिकवादी नहीं है, बल्कि समग्र है जिसमें किसी राज्य के नागरिकों या किसी समुदाय के सदस्यों को ही शामिल नहीं किया गया है, बल्कि संपूर्ण मानवता और पूरे ब्रह्मांड को ध्यान में रखा जाता है। इसके बाद डॉ. अली देहगाही, सांस्कृतिक परामर्शदाता, ईरान कल्चरल हाऊस ने कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए स्वागत भाषण किया। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अबूज़र इब्राहिमी तुर्कमान, जो कि इस्लामी संस्कृति और संबंध संगठन और धर्मों के बीच नीति निर्माण और समन्वय परिषद के अध्यक्ष हैं, ने कहा कि एक सतही दृष्टिकोण वाला व्यक्ति अपने भौतिक क्षेत्र में जो कुछ भी दिखता है उसे स्वीकार करता है, लेकिन समन्वित एवं व्यापक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति की दृष्टि अंतर्ज्ञान में बदल जाती है। डॉ. मोहसेन कोमी, डिप्टी हेड (उपाध्यक्ष) इंटरनेशनल रिलेशन ऑफिस, ने कहा कि ईरान और भारत दुनिया की सांस्कृतिक वास्तुकला और सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए विश्व सभ्यता के दो केंद्र हैं। इस्लाम और हिंदू धर्म के अनुयायी दुनिया की आबादी के एक तिहाई से अधिक हैं और यह बातचीत एक बेहतर दुनिया के लिए एक नींव हो सकती है। उद्घाटन संबोधन स्वामी श्री गुरुशरणानंदजी महाराज (संस्थापक अध्यक्ष, श्री उदासीन कार्ष्णि आश्रम, रमणरेति, वृंदावन) द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि परस्पर प्रेम एकमात्र एहसास है जिसके द्वारा हम दूसरे के साथ जुड़ सकते हैं। भारत एक ऐसा देश है जहाँ हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। श्री गुलाम रजा अंसारी, भारत में ईरान के राजदूत और अतिथि स्वामी विष्णु हरि प्रसाद, विष्णु फाउंडेशन, चेन्नई, श्री युधिष्टर गोविंद दास, उपनिदेशक, इस्कॉन, नई दिल्ली, डॉ श्रीवत्स गोस्वामी, वृंदावन, प्रोफेसर के.डी. त्रिपाठी, एमेरिटस प्रो. बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, श्री सुरेश सोनी आदि विशिष्ट विद्वानों ने अंतर–धार्मिक संवाद में भाग लिया। धन्यवाद का समापन प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला, सदस्य सचिव, भा.दा.अनु. परिषद्, नई दिल्ली द्वारा किया गया

स्वामी अग्निवेश, श्रीपद शांता महाराज, श्रीपद भक्ति विज्ञान मुनि, डॉ. कला धनंजय आचार्य, डॉ. जनक दवे, अक्षरधाम और श्रीपाद भक्ति निष्काम शांत महाराज (सभी भारत से) और डॉ. अहमद मोबलेघी, डॉ. हामिद परसनिया, प्रोफेसर हसन बोल्खारी घीहरी मारिजी (सभी ईरान) ने इस अंतर्राष्ट्रीय संवाद

कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत के साथ भा.दा.अनु.परिषद् के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशीम दुबे द्वारा हिंदू धर्म और इस्लाम में आध्यात्मिकता पर अंतर–धार्मिक संवाद का एक सारांश प्रस्तुत किया गया।

"कल्चर एनकाउन्टर्स एण्ड कॉन्फ्लूईन्सेज बिटवीन इंडिया एण्ड कोरिया" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली और कोरिया फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा 29–30 जून, 2017 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में "कल्चर एनकाउन्टर्स एण्ड कॉन्फ्लूईन्सेज बिटवीन इंडिया एण्ड कोरिया" पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण माननीय श्री ली है क्वांग, दक्षिण कोरिया गणराज्य के कार्यवाहक राजदूत द्वारा किया गया। स्वागत भाषण भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् के सदस्य–सचिव, प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला द्वारा दिया गया। संगोष्ठी का मुख्य बीज वक्तव्य–'कल्चर एनकाउन्टर्स एण्ड कॉन्फ्लूईन्सेज बिटवीन इंडिया एण्ड कोरिया', विषय पर प्रोफेसर एस आर भट्ट, अध्यक्ष, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में अकादमिक प्रस्तुतियाँ निम्नलिखित थीं:

प्रो. से ओक गिल एम हूँ बौद्ध अध्ययन विभाग डोंगगुक विश्वविद्यालय, ग्योंगजू कैंपस, कोरिया	–	वान–हेयोज बुद्धा, इट्स कल्चरल एंड आयडियोलॉजिकल इमेज
प्रो. के.टी.एस. साराओ बौद्ध अध्ययन विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली	–	बुद्धिस्ट पर्सपेक्टिव ऑन इंटरफेथ डायलॉग
प्रो. जियो लियोंग ली सनमून विश्वविद्यालय कोरिया	–	फिलॉसोफी एण्ड प्रिक्सिस ऑफ़ रेकिलिएशन इन वोन–हायो एण्ड रामानुज

प्रो. एच पी गंगनेगी बौद्ध अध्ययन विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय	–	दि अल्टीमेट रियल्टी ऑफ बुद्धिस्ट फिलॉसफी
प्रो.जेजीन जंग के. टांगमांग विश्वविद्यालय कोरिया	–	दि स्पिरिट ऑफ पीस एंड हारमोली गल वान–ह्योस मैत्रेय आयडिऑलॉजी
डॉ रंजीत कुमार धवन पूर्व एशियाई अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली	–	कोरियाज कल्चरल डिप्लोमेसीः एन एनॉलिसिस ऑफ कोरियन वेव इन इंडिया
प्रो. एस.आर. भट्ट भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली	–	पीस, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, वेल बीईंग एंड इनोवेशन
प्रो. मून एउल–सिक सोल बौद्ध धर्म विश्वविद्यालय कोरिया	–	वान–ह्योज थाट ऑफ 'टू फीचर्स एंड वन मांइड' इन ड्यूलिज्म ऑफ सामख्य सिस्टम
प्रो. बिन्दू पुरी, दर्शनशास्त्र विभाग, जे.एन.यू., नई दिल्ली	–	पॉसिबिलिटीज ऑफ इंटर कल्चरल कम्यूनिकेशनः शेयरिंग मॉरेल इनसाइट्स एक्रास लिंगयुस्टिक कल्टरल एंड रिलिजियस कॉन्टेक्स्ट्स
प्रो. यूं जोंगगैब डोंग–ए कोरिया विश्वविद्यालय कोरिया	–	नागार्जुन एंड वान–ह्यो
प्रो. रंजन घोष भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली	–	सम रीसेन्ट्स डेवलपमेंट इन इन्डियन एसथेटिकल ट्रेडिशन्स

सुश्री हेमा
पीएच.डी. अनुसंधान विद्वान — ए स्टडी ऑन इनहान्सिग कोरियन लेगवेज स्किल थ्रू
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली फॉकटेल्सः फोकसिंग ऑन राइटिंग एंड स्पीकिंग स्किल

वर्ष 2017–18 में भा.दा.अ.प. ने कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा, विभिन्न संस्थानों को अनुदान प्रदान किया। ऐसे सभी अनुदानों के साथ–साथ भा.दा.अ.प. द्वारा स्वयं आयोजित कार्यक्रमों के विवरण नीचे दिए गए हैंः

क्र. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	निदेशक का नाम/स्थान	अनुमोदित धनराशि
1.	1 –3 जुलाई 2017	"वल्नरेबिलिटी वर्सस सस्टेनेबिलिटीः रिविजीटिंग दी ट्राइबल लाइफ एंड कल्चर इन दी वयनाड एंड अट्टपड़ि इन केरल" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. के. गोपीनाथ पिल्लई, संथीगीरी रिसर्च फाउंडेशन, संथीगीरी पीओ, तिरुवनंतपुरम–695 589, केरल	5.0
2.	1–3 अगस्त 2017	"इंटरफ़ेस बिटवीन साइंस बुद्धिज़्म" (बुद्धिज़्म इन लद्दाख) विषय पर संगोष्ठी	डॉ विपिन कुमार, इंस्टिट्यूट ऑफ बुद्धिस्ट, चोगलमसर, लद्दाख लेह–194 101, लद्दाख	5.0
3.	22–24 अगस्त 2017	"नवज्योतिषा करुणाकर गुरुः पैराडिगम शिफ्ट इन इंडिया स्पिरिचुअल डिस्कोर्से ऑन धर्म" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. के. गोपीनाथ पिल्लई, संथगिरी रिसर्च फाउंडेशन, संथगिरी पीओ, तिरुवनंतपुरम–695 589, केरल	5.0
4.	25–27 अगस्त 2017	"धर्म एंड प्रैक्सिस इन दि इमर्जिंग ग्लोबल सिनेरियो" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. के. गोपीनाथ पिल्लई, संथीगीरी रिसर्च, संथीगीरी रिसर्च फाउंडेशन, संथीगीरी पीओ, तिरुवनंतपुरम–695 589, केरल	5.0
5.	6 –8 नवंबर 2017	"मिस्टिक फिलॉसॉफीज ऑफ़ कश्मीरः रेकन्सीलिएशन ऑफ़ थ्योरी एंड प्रैक्टिस इन श्रीनगर" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. आशुतोष भटनागर, सचिव, जे एंड के स्टडी सेंटर, नई दिल्ली संगोष्ठी श्रीनगर में आयोजित की गई	5.0
6.	6–8 नवंबर 2017	"ऑन टू परफेक्शन : इंटर रिलीजियस डायलाग" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	डॉ. जय शंकर सिंह, कार्षणी, गुरुशरणानन्द आश्रम (रमणरेती, गोकुल, मथुरा)	5.0
7.	8–10 दिसंबर 2017	"कंटेम्परारी नीड्स एंड रेलेवंस ऑफ़ फिलोसॉफी बुक्स" विषय पर संगोष्ठी	अध्यक्ष, अन्तराष्ट्रीय पुस्तकोत्सव समिति, कलूर, कोच्चि 682017	5.1
8.	8–10 दिसंबर 2017	"रेविसिटिंग दी हिल–वैली कनेक्शन इन नार्थ–	डॉ शिव पूजन प्रसाद पाठक,	

		ईस्ट इंडिया" विषय पर संगोष्ठी	पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट, आर्यभट्ट कॉलेज, आनंद निकेतन, बेनिटो जुआरेज़ रोड, नई दिल्ली 110021	1.0
9.	17 –19 जनवरी 2018	"ट्राइब्स इन कूर्गः ए डिस्टिंक्ट नैरेटिव इन इंडियन ट्राइबल वर्ल्ड व्यू" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. लोके कुमारी, सोसाइटी फॉर सोशल एम्पावरमेंट, 24–सी, एबरशाइन अपार्टमेंट्स, डी–ब्लॉक, विकासपुरी, नई दिल्ली– 110 018	5.0
10.	5–7 फरवरी 2018	"फिलोसॉफी ऑफ़ आचार्य विनोबा भावे" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. शंभु जोशी और डॉ. गीता मेहता, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा– 442 001	5.0
11.	8–9 फरवरी 2018	"फिलोसॉफी ऑफ़ बिपिन चंद्र पाल" विषय पर संगोष्ठी	प्रोफेसर देबिका साहा, दर्शनशास्त्र विभाग, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, पी.ओ.: राजमोहनपुर, जिलाः दार्जिलिंग– 743 013	3.0
12.	9 –10 फरवरी 2018	"ट्रेडिशनल वैल्यूः इट्स रेलेवंस इन दी एरा ऑफ़ ग्लोबलाइजेशन विथ स्पेशल रिफरेन्स टू नार्थ–ईस्ट इंडिया" विषय पर संगोष्ठी	श्रीमती नबनिता देवी, बी.एन. कॉलेज, भुबरी, पी.ओ. बिद्यापारा, असम–783 324	3.0
13.	16 –18 फरवरी 2018	"स्वामी दयानंद सरस्वतीः ए विजनरी रिफॉर्मर" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	प्रोफेसर रणवीर सिंह, अध्यक्ष प्रोफेसर, स्वामी दयानंद सरस्वती चेयर, अकादमिक ब्लॉक नंबर–4, कक्ष संख्या 207, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ हरियाणा , जैंत – पाली, महेंद्रगढ़–123 031, हरियाणा	5.0
14.	19–22 फरवरी 2018	"रामकृष्ण कथामृत" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. रंजन कुमार घोष, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली	3.84
15.	22–23 फरवरी 2018	"धर्म, यूनिवर्सलिटी एंड दी कन्टिन्जेन्सीज़ ऑफ़ ह्यूमन लाइफ "विषय पर संगोष्ठी।	डॉ. राजश्री रॉय, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, लक्ष्मी बाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, अशोक विहार–III, दिल्ली–110 052	4.0
16.	26–28 फरवरी 2018	"मॉरेलिटी एंड पॉलिटिक्सः दी पर्सपेक्टिव ऑफ़ जय प्रकाश नारायण" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. संजय पासवान, प्रोफेसर और निदेशक, जगजीवन राम चेयर, पी.एम.आई.आर. विभाग, पटना विश्वविद्यालय, 203, नीलाम्बर अपार्टमेंट, ईस्ट बोरिंग कैनाल रोड, पटना–800 001	5.0

17.	4–7 मार्च 2018	"आनंद मीमांसा" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	रमण रेति, गोकुल, मुथुरा	5.0
18.	8 –10 मार्च 2018	फिलॉसोफी ऑफ़ लव इन सूफिज्म एंड भक्ति ऐज रेफ्लेक्टेड इन लिटरेचर" विषय पर संगोष्ठी	प्रोफेसर के.के.एन. कुरुप, निदेशक, मालाबार इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट, वातकारा, कालीकट–673 101, केरल	5.0
19.	13–15 मार्च 2018	"फिलोसॉफिकल फॉउण्डेशन्स एंड प्रैक्सिस ऑफ़ कम्युनल हार्मोनी : रेविसिटिंग इट्स सक्सेस एंड चैलेंजेज" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. नमिता निंबालकर, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, जनेश्वर भवन, फर्स्ट फ्लोर, विद्यानगर कैम्पस, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई–400098	5.0
20.	22–24 मार्च 2018	"होलिस्टिक हेल्थ एंड वैलनेस : यूनीफीइंग बॉडी, माइंड एंड स्पिरिट फॉर वेल्बीइंग" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. जुगल किशोर, हेड, सामुदायिक चिकित्सा विभाग, वि.एम.एम.सी. और सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली–110 029	5.0
21.	26–28 मार्च 2018	"ट्राइबल कम्युनिटी इन इंडियाः आइडेंटिटी एंड कल्चर हेरिटेज" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. सतीश कुमार गंझू, अध्यक्ष प्रोफेसर, ट्राइबल स्टडीज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला–176 215	5.0
22.	27–29 मार्च 2018	"इंडियन कल्चर एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट फॉर सॉल्विंग ह्यूमन प्रोब्लेम्स" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. अशोक बापना, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, 1, बम्बाला इंस्टीट्यूशनल एरिया, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर–302 033	5.0
23.	28–30 मार्च 2018	"दी एंटेगरल ह्यूमैनिज्म ऑफ़ पंडित दीन दयाल उपाध्याय" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. पी. मिलन खंगमेहा, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, मणिपुर विश्वविद्यालय, इंफाल–795 003	5.0

* भा.दा.अ.प. ने सेमिनार का आयोजन किया

दार्शनिक संस्थाओ का वार्षिक–सत्र

क्र. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	निदेशक का नाम/स्थान	अनुमोदित धनराशि
1.	9–11अक्टूबर 2017	महाराष्ट्र तत्त्वज्ञान परिषद् का 34वां सत्र	डॉ. शैलजा खरगड़े, स्थानीय सचिव, एम.टी.पी., प्रिंसिपल, वसंतराव नाइक सरकार, इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस कॉलेज, नागपुर	0.5

2.	13–15 अक्टूबर 2017	"ए फिलॉसॉफिकल डिस्कोर्स ऑन करैक्टर बिल्डिंग" विषय पर ऑल इंडिया फिलॉसफी एसोसिएशन (ए.बी.डी.पी.) का 62वां वार्षिक सम्मेलन	प्रोफेसर ए. डी. शर्मा, महासचिव, अखिल भारतीय दर्शन परिषद, दर्शन विभाग, डॉ एच.एस. गौर विश्वविद्यालय, सागर–470003, एम.पी.	2.0
3.	3–5 नवंबर 2017	"एथिक्स, एस्थेटिक्स एंड रिलिजन इन दी फिलोसॉफी ऑफ़ लुडविग विट्गेन्स्टाइन" विषय पर संगोष्ठी	डॉ. लाईमायम बिश्वनाथ शर्मा, दर्शनशास्त्र विभाग, मणिपुर विश्वविद्यालय, इंफाल–795003	5.0
4.	25–26 नवंबर 2017	दर्शनिक परिषद् बिहार का 40वाँ वार्षिक सम्मेलन	प्रोफेसर श्यामल किशोर, महासचिव, दर्शन परिषद बिहार, दर्शन विभाग, टी.पी.एस. कॉलेज, पटना 800001	0.5
5.	9–10 दिसंबर 2017	"इंडियन फिलोसॉफी एंड पुरुषार्थ सिस्टम" पर म.प्र. और छत्तीसगढ़ दर्शन परिषद का 13वां सम्मेलन	प्रोफेसर प्रदीप खरे, सचिव, दर्शन परिषद (म.प्र. और सी. जी.), आर.वी.–72, सिंधु गार्डन, ई–8, विस्तार, गुलमोहर, भोपाल–462039	0.5
6.	15–17 दिसंबर 2017	"21वीं सदी में दर्शन" विषय पर भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् का 11वां वार्षिक सम्मेलन	डॉ. राज कुमारी सिन्हा, अध्यक्ष, भारतीय महिला दार्शनिक परिषद, 3/के / 20, गृहस्थी हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची–834 002	1.0
7.	3–4 जनवरी 3–4 2018	एशियाई दर्शन सम्मेलन का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	डॉ. लालभाई डी. पटेल, होलिस्टिक साइंस रिसर्च सेंटर, वीतराग विज्ञान चैरिटेबल रिसर्च फाउंडेशन, महावीर तीर्थ धाम के पास, एन.एच.–8, नानसाद रोड, कामरेज चार रास्ता, सूरत– 398185	10.0
8.	5–7 जनवरी 2018	"इंडियन आइडेंटिटी एंड कल्चरल कॉन्टिनुइटी" विषय पर भारतीय दार्शनिक कांग्रेस का 92वां वार्षिक अधिवेशन	प्रोफेसर एस. पन्नीरसेल्वम, महासचिव, भारतीय दार्शनिक कांग्रेस, संख्या–6, तिरुप्पुर कुमारन स्ट्रीट, (ए –1), प्रथम तल, पार्क व्यू अपार्टमेंट, तांबरम पश्चिम, चेन्नई–600045	2.0
9.	23–24 जनवरी 2018	ऑल उड़ीसा फिलॉसफी एसोसिएशन का 30वां सत्र	प्रोफेसर बी.सी. साहू, महासचिव, ऑल उड़ीसा फिलॉसफी एसोसिएशन, पी.जी. दर्शनशास्त्र विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय, वाणी विहार, भुवनेश्वर–751004	0.5

10.	27–28 जनवरी 2018	उत्तर भारत दर्शन परिषद का वार्षिक सम्मेलन	प्रोफेसर हरिशंकर उपाध्याय, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद–211002	0.75

कार्यशाला

क्र. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	निदेशक का नाम/स्थान	अनुमोदित धनराशि
1.	13–17 जुलाई 2017	"भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षण दर्शन पर कार्यशाला" विषय पर कार्यशाला	भा.द.अ.प. शैक्षणिक केंद्र, लखनऊ	5.5
2.	19–25 जुलाई 2017	"दी साइंस ऑफ़ कॉन्ससियसनेस्स इन दी लाइट ऑफ़ दी उपनिषद् एंड दी लाइफ डिवाइन" विषय पर कार्यशाला	डॉ. वी. आनंद रेड्डी, श्री अरबिंदो सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च, 39, वन्नियार स्ट्रीट, वैथिकुप्पम, पुडूचेरी–602501	7.0
3.	1–31 अक्टूबर 2017	"गुरुकुल सिस्टम ऑफ़ टीचिंग्स एंड लर्निंग एक्सपेरिमेंट इन दी फेनोमेनोलॉजी ऑफ़ एडमंड हुसेरेल" विषय पर कार्यशाला	डॉ. वी.सी. थॉमस, श्री अरबिंदो सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च, 39, वन्नियार स्ट्रीट, वैथिकुप्पम, पुडूचेरी–602501	424,710
4.	23–29 दिसंबर 2017	"एन एनालिटिकल स्टडी ऑफ़ एपहॉरिज़्मूस ऑफ़ नारद एंड शांडिल्य" विषय पर कार्यशाला	डॉ. सूरजमल राव, सहायक रजिस्ट्रार, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर–305 801 डॉ. एन. लक्ष्मी अय्यर, प्रमुख, हिंदी विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ राजस्थान , बंदरसिन्द्री, एन.एच.–8, (जयपुर–अजमेर हाईवे), तहसीलः किशनगढ़–305801	7.0
5.	5–6 फरवरी 2018	"त्रिक शैविज़्म ऑफ़ कश्मीर" विषय पर कार्यशाला	निदेशक (ए), भा.दा.अ.प. अकादमिक केंद्र, 3/9, विपुल खंड, पुस्तकालय भवन, गोमती नगर, लखनऊ–226 010	10.0
6.	6–12 मई 2018	"मॉडर्न फिजिक्स रियलिटी एंड एन्सिएंट इंडियन विज़डम" विषय पर कार्यशाला	डॉ. शिशिर रॉय, टी.वी. रमन पई, अध्यक्ष, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज, आई.आई.एस.सी. कैंपस, बंगलुरु– 560012	7.0

भा.दा.अ.प. का पूर्ण सत्र

क्र. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	निदेशक का नाम/स्थान	अनुमोदित धनराशि
1.	14–15 सितंबर 2017	"रिथिंकिंग कंटेम्पोररी इंडियन पॉलिटी" विषय पर राष्ट्रीय राजनीति विज्ञान सम्मेलन, 2017 में पूर्ण सत्र	डॉ. शालिनी सक्सेना, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, एमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर–125, नोएडा– 201831	1.0

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ / कार्यशालाएँ / सम्मेलन

क्र. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	निदेशक का नाम/स्थान	अनुमोदित धनराशि
1.	24–25 फरवरी 2018	"वसुधैव कुटुम्बकम" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी	डॉ. मनोज सिन्हा, सेमिनार को–ऑर्डिनेटर, शैक्षिक फाउंडेशन, 606/13, कृष्णा गली नंबर–9, मौजपुर, दिल्ली–110053	4.0
2.	डॉ. (मेजर) मदन मोहन दास, एसोसिएट प्रोफेसर और हेड ऑफ फिलॉसफी, सालिपुर	1. "एनवायर्नमेंट्स एथिक्स : एन ओवरव्यू" डॉ. हरीश चंद्र साहू द्वारा	

	ऑटोनोमस कॉलेज, सालिपुर–754 202	2. "प्रोफेशनल एथिक्स ऑफ़ डॉक्टर्स" डॉ. विभु प्रसाद पात्रा द्वारा	
3.	डॉ. पूर्णिमा दास सहायक प्रोफेसर मयनागुरी कॉलेज, मयनागुरी, जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल– 735224	1. "रोले ऑफ़ लैंग्वेज इन लॉजिक" प्रोफेसर कांतिलाल दास द्वारा 2. "दी कांसेप्ट ऑफ़ लक्षणा इन न्याय फिलोसॉफी" प्रोफेसर रघुनाथ गोष द्वारा	12 फरवरी 2018 से 10 मार्च 2018
4.	डॉ हरिश्चंद्र साहू विभागाध्यक्ष, दर्शन बी.जे.बी. (ए) कॉलेज भुवनेश्वर – 751014	1. "एनवायर्नमेंटल एथिक्स" प्रोफेसर एस.के. मोहंती द्वारा 2. "इंटर–रिलीजियस हार्मोनी एंड पीस" प्रोफेसर धनेश्वर साहू द्वारा 3. "बिजनेस एथिक्स एंड सीएसआर" डॉ. सुधीर कुमार दास द्वारा	15 जनवरी 2018
5.	डॉ. आर.के. बेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रमुख, दर्शन विभाग, पटकाई क्रिश्चियन कॉलेज (ऑटोनोमस), चुमुकेदिमा, नागालैंड– 797 103	1. "गांधीज फिलोसॉफी ऑफ़ अहिंसा" डॉ. अंजन कर्म बेहरा द्वारा 2. "ह्यूमन एडवांसमेंट एंड इकोलॉजिकल कंसर्नः ए पर्सपेक्टिव फ्रॉम दी फिलोसॉफी ऑफ़ डीप इकोलॉजी" डॉ. पोलिकारप एक्सेल्सो द्वारा 3. "दी एथिक्स ऑफ़ सुसाइड" डॉ. सी.पी.	20 फरवरी 2018, 26 दिसंबर 2018 और 8 मार्च 2018 तक
6.	डॉ. निरंकुश चक्रवर्ती, सहायक प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, गज़ोले महाविद्यालय, मालदा, पश्चिम बंगाल	1. "गांधियन कन्सेप्शन ऑफ़ नॉन–वायलेंस एंड इट्स रेलेवंस टू एनवायरनमेंट क्राइसिस" डॉ. झाड़ेश्वर घोष द्वारा 2. "दी कांसेप्ट ऑफ़ अहिंसा इन इंडियन ट्रेडिशन" प्रोफेसर रघुनाथ घोष द्वारा	16 मार्च 2018
7.	श्रीमती सुमन महाजन, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन, सेक्टर – 36 / ए, चंडीगढ़– 160 036	1. "एनवायर्नमेंटल एथिक्स ऑफ़ इंडिविजुअल एंड कलेक्टिव रेस्पॉन्सिबिल्टी टू सेव दी प्लेनेट अर्थ" प्रोफेसर पीतम सिंह द्वारा	18 जनवरी 2018
8.	डॉ. मोहिन मोहम्मद, दर्शनशास्त्र विभाग, क्राइस्ट कॉलेज, कटक– 753 008	1. "वर्ल्ड पीस एंड इंटर रिलीजियस हॉर्मोनी" प्रोफेसर धनेश्वर साहू द्वारा 2. "इज विट्गेन्स्टाइन पैराडोक्सिकल?" नीलमणि साहू द्वारा 3. "दी प्री–सोक्रेटिक्सः ए मोड ऑफ़	9 फरवरी 2018

		फिलॉसॉफिकल इन्क्वायरी" डॉ. सचिंद्र पॉल द्वारा	
9.	डॉ. अमिता पांडे, सह – प्राध्यापक, ईश्वर सरन डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद– 211 004	1. "धर्म निरपेक्षता पर प्रोफेसर संगम लाल पांडेय का दृष्टिकोण" प्रोफेसर जगत पाल द्वारा 2. "कश्मीर समस्या का नैतिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण" प्रोफेसर एच.के. शर्मा द्वारा 3. ''श्रीमदभगवद गीता का दार्शनिक दृष्टिकोण" प्रोफेसर जटा शंकर तिवारी द्वारा	19, 25 जनवरी 2018 और 8 फरवरी 2018
10.	डॉ. उमा माहेश्वरी शंकर, उप प्रधानचार्य और प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, एस.आई.ई.एस. कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, 83/84, 106 और 107, जैन सोसाइटी, सायन (पश्चिम), मुंबई– 400 022।	1. "इपिस्टेमे एंड विजडमः डाइमेंशन्स ऑफ़ नॉलेज इन इंडियन ट्रेडिशन" डॉ. मीनल कटारिकर द्वारा 2. कौटिल्यस अर्थशास्त्रा–रेडिस्कवरिंग दी फिलॉसॉफिकल डायमेंशन" डॉ. राधाकृष्णन पिल्लई द्वारा 3. "एलनपुर एंड एस्थेटिक्सः ए कोन्फ़्लुएन्स" डॉ. राधा कुमार द्वारा 4. "फिलॉसॉफिकल कांसेल्लिग–ए ब्लूप्रिंट टू डु फिलॉसॉफि" डॉ. सुचित्रा नाइक द्वारा	8 जनवरी और 18 जनवरी 2018 और 1 फरवरी और 15 फरवरी 2018
11.	डॉ. भारत मालाकार, सहायक प्रोफेसर और प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, महिषादल गर्ल्स कॉलेज, विद्यासागर विश्वविद्यालय के vaxZ] VIII–रँगीबासन, जिला – पुरबा मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल – 721628	1. "रुसेल ऑन ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ़ लैंग्वेज" प्रोफेसर तपन कुमार डे द्वारा 2. "दी इंडियन थ्योरिजस ऑन दी मेथड ऑफ़ डेटर्मिनिंग सेन्टेन्स––मीनिंग" डॉ. मैनक पाल द्वारा	22 दिसंबर 2017
12.	मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ–	1. "प्रॉब्लम ऑफ़ ईविल" प्रोफेसर राकेश चंद्रा द्वारा 2. "रोले ऑफ़ वीमेन इन हिस्ट्री" डॉ. योगेश प्रवीण द्वारा	16 फरवरी 2018
13.	डॉ. आर. लक्ष्मी सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, कॉलेज फॉर विमेन, तिरुवनंतपुरम–695014,	1. "एनिमल राइट्स एंड वेलफेयर एंड इट्स एथिकल इम्प्लिकेशन्स विथ स्पेशल रेफेन्स टू पीटर सिंगर" डॉ. प्रभु द्वारा	18 दिसम्बर 2018 12 जनवरी

	केरल	2. "पराडोक्सेसः दी एसिड टेस्ट फॉर ट्रूथ" डॉ. ई. राजीवन द्वारा 3. "फिसोफ़िकल परादिग्म्स ऑफ़ दी डिसेबल्ड" डॉ सविता ए.आर. द्वारा	2018 और 12 फरवरी 2018
14.	डॉ. निरंजन हालोई, प्रमुख, दर्शन विभाग, डीकेडी कॉलेज, डरगाँव, जिलाः गोलाघाट (असम) – 785614	1. "रेलेवंस ऑफ़ दी टीचिंग्स ऑफ़ दी भागवद् गीता इन दी प्रेजेंट डे कॉन्टेक्स्ट" डॉ गिरीश बरुआ द्वारा	19 फरवरी 2018
15.	डॉ. रजनी सिन्हा प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, के सी इ सोसाइटीज़ मूलजी जैन्था कॉलेज, जलगाँव (एम एस)–425002	"सार्त्रेज कांसेप्ट ऑफ़ सेल्फ" डॉ. वैजयंती बेलसेरे द्वारा सारत्रीची स्व ची संकल्पना	28 फरवरी 2018
16.	डॉ.चेतना गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज फॉर विमेन, सड़क संख्याः 57, पश्चिम पंजाबी बाग, नई दिल्ली – 110026	1. "प्लेस ऑफ़ फिलोसॉफी इन काउंसलिंग" प्रोफेसर बालगणपति देवरकोंडा द्वारा 2. "कम्प्लेक्सिटीज़ एंड कन्फ्लिक्ट्स विदिन द पुरुषार्थ स्कीम : सर्चिंग फॉर रेज्यूलेशन" प्रोफेसर एच.एस. प्रसाद द्वारा	16 मार्च 2018
17.	डॉ. सुधांशु शेखर, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, टी.पी. कॉलेज, मधेपुरा, बिहार 852,113	1. "धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा" डॉ. प्रभु नारायण मंडल द्वारा 2. "धार्मिक सहिष्णुता एवं सर्वधर्म सम्भाव" डॉ. नरेश कुमार अम्बस्ट द्वारा 3. "वेदांती समाजवाद" डॉ. जटा शंकर द्वारा 4. "सीमान्त नैतिक और सामाजिक न्याय" प्रोफेसर रमेश चन्द्र सिन्हा	20–21 मार्च 2018
18.	डॉ. रामा रानी, संयोजक और प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, सी.एम.पी. कॉलेज, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद – 211002 18,	1. "रिलीजियस प्रैक्टिसेज : ए क्रिटिकल एग्जामिनेशन" प्रोफेसर ऋषि कांत पांडे द्वारा 2. ''गांधी एंड मार्क्सः ए कम्पेरेटिव स्टडी" प्रोफेसर एच.एस. उपाध्याय द्वारा 3. "फिलोसॉफि ऑफ़ योगा" प्रोफेसर जटा शंकर द्वारा	25 और 29 जनवरी 2018
19.	डॉ (श्रीमती) रेखा यादव, दर्शनशास्त्र विभाग, सम्राट पृथ्वी राज	1. ''भारतीय दर्शन के पाठक की भारतीय पद्धति एवं देशज आधुनिकता"	20 जनवरी 2018

	चौहान गवर्नमेंट कॉलेज, अजमेर, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर	प्रोफेसर अम्बिका दत्त शर्मा द्वारा 2. ''बौद्ध दर्शन के प्रस्थानों के सैद्धांतिक मतभेद और एकवाक्यता के मूलभूत सूत्र" प्रोफेसर अम्बिका दत्त शर्मा द्वारा	
20.	डॉ. एस. मणिकंदन, अघुरचंद मन्मुल जैन कॉलेज, दर्शनशास्त्र विभाग, मीनांबक्कम, चेन्नई – 600114	1. "एनवायरनमेंट एंड रिलिजन" डॉ. एस कृष्णन द्वारा 2. "जैनिज़्म इन दी कंटेम्पररी वर्ल्ड" डॉ. उमापति जैन द्वारा 3. "फिलॉसॉफीः मेथड्स एंड प्रैक्टिस" डॉ. आर. मुरली द्वारा	8 फरवरी 2018
21.	डॉ. बिजय कुमार नायक, व्याख्याता, फिलॉसॉफि और क्रिटिकल थिंकिंग विभाग यू.एन. (ए यू टी ओ), कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, प्रचुना पिथा, अदासपुर, कटक, ओडिशा – 754011	1. "दी ह्यूमन इकोलॉजी एंड फिलोसोफिकल कंसर्न" डॉ. बिजयनानंद कार द्वारा 2. "ऑन दी जैन व्यू ऑफ़ कर्मा" डॉ. नमिता कर द्वारा 3. "ए नोट ऑन प्लैटोस फिलॉसॉफी ऑफ़ मैथमेटिक्स" डॉ. सचिंद्र राउल द्वारा	16 नवंबर 2017
22.	डॉ तृप्ति धर, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, 269, डायमंड हार्बर रोड, ठाकुरपुकुर, कोलार–700063	1. "ऐवोलुशनार्य कॉन्सेप्ट्स ऑफ़ बुद्धिस्ट एमानिसीपैशन एंड वीमेनः ए स्टडी फ्रॉम पाली लिटरेचर" प्रोफेसर ऐश्वर्या विश्वास द्वारा 2. "स्टेटस ऑफ़ वीमेन इन बुद्धिज़्मः एन ओवरव्यू" भिक्खु सुमनपाल द्वारा	30 जनवरी 2018
23.	डॉ. सौम्या आर.वी., सहायक प्रोफेसर, दर्शन विभाग, एस.एन. कॉलेज, चेरथला	*विषयः* प्रैक्टिकल इम्प्लिकेशन्स ऑफ़ इंडियन फिलॉसॉफि 1. "रेविजिटिंग प्रैक्टिकल आस्पेक्ट्स ऑफ़ इंडियन फिलोसॉफी" डॉ उन्नीकृष्णन पी द्वारा 2. "प्रैक्टिकल इम्प्लिकेशन्स ऑफ़ हेटेरोडॉक्स सिस्टम इन इंडिया" डॉ. राधारानी पी. द्वारा 3. "डूइंग फिलोसॉफी : ट्रडिशन्स इन इंडिया" डॉ. गैस्पर के.जे. द्वारा	19, 27 फरवरी 2018 और 2 मार्च 2018
24.	श्रीमती निबदिता बेजबोरूआह, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र, जे.बी कॉलेज, (स्वायत्त), जोरहाट, असम – 785001	"रेलेवंस ऑफ़ दी फिलोसॉफी ऑफ़ गाँधी इन दी प्रेजेंट सोसाइटी" प्रोफेसर मनीषा बरुआ द्वारा	17 मार्च 2018

25.	डॉ. लक्ष्मण पात्रा, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग वी.डी. (स्वायत्त) कॉलेज, जेपोर, कोरापोट	विषयः वैल्यू एजुकेशन 1. "कांसेप्ट एंड ओब्जेक्टिवेस ऑफ़ वैल्यू एजुकेशन" प्रोफेसर रतनकर गजेंद्र द्वारा 2. "वैल्यू एजुकेशनः ईस्टर्न एंड वेस्टर्न" प्रोफेसर अमूल्य महापात्रा द्वारा	28 फरवरी 2018
26.	डॉ. नृसिंह चरण सामंतरी, सीनियर लेक्चरर–दर्शनशास्त्र, एस.वी.एम (ए) कॉलेज, जगतसिंहपुर, ओडिशा– 754 103	1. "इंटीग्रल योग ऑफ़ श्री अरोबिन्दो" डॉ. एच.सी. साहू द्वारा 2. "स्वामी विवेकानंद ऑन प्रैक्टिकल वेदांत" डॉ. बी.के. दास द्वारा 3. "एक्शन, फ्रीडम एंड रिस्पांसिबिलिटी फ्रॉम दी पर्सपेक्टिव्स ऑफ़ श्रीभगवद् गीता" बी.एन. नायक द्वारा	20 मार्च 2018
27.	डॉ. नर्मदा कुमारी परिदा, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग शैलबाला महिला स्वायत्त कॉलेज, पोस्टः बक्सी बुज़ार, कटक – 75300	1. "वैल्यू, नोर्मेटिवित्य एंड नेचुरल वर्ल्ड" डॉ. मनोज कुमार पांडा द्वारा 2. "वैल्यू इन एनवायरनमेंट" प्रोफेसर सरोज कुमार मोहंती द्वारा	1 5 जनवरी 2018
28.	डॉ. राजिंदर कौर, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग पं. मोहन लाल एस.डी. कॉलेज फॉर विमेन, काहनूवान रोड, गुरदासपुर–143 521	"इम्बीबिंग ऑफ़ मॉराल वैल्यूज : नीड ऑफ़ दी ऑवर" विषय पर संगोष्ठी डॉ. नीरज कुमार शर्मा, डॉ. मनविंदर सिंह, और डॉ. पवन कुमार	24 फरवरी, 2018
29.	डॉ. जयंती पी. साहू, (संयोजक) सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, सर गंगा राम अस्पताल मार्ग, राजिंदर नगर, नई दिल्ली – 110060	1. "रीज़न, रिलिजन एंड धर्मा" डॉ. राकेश चंद्र द्वारा 2. "जगन्नाथ कॉन्ससियसनेस्स" डॉ. चिन्मयी सत्पथी द्वारा	22 सितंबर 2017 और 22 फरवरी 2018
30.	डॉ. आभा होल्कर, दर्शनशास्त्र विभाग, माता जीजाबाई गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, इंदौर	1. "बौद्धिक अहिंसा का सिद्धांत––अनेकांतवाद" डॉ. विमल जैन द्वारा 2. "बुद्ध और बौद्ध दर्शन" डॉ. सूर्य प्रकाश व्यास द्वारा	31 मार्च 2018
31.	डॉ. खुंदोंगबम गोकुलचंद्र सिंह, दर्शनशास्त्र विभाग, डी.एम. कॉलेज ऑफ आर्ट्स, इंफाल – 795001	1. "दी एस्थेटिक मैस्टिसिस्म ऑफ़ मणिपुरी वैष्णविज़्म" प्रोफेसर लोकेशद्रजीत सिंह द्वारा 2. "कैनट्स कोपर्निकन रेवोलुशन इन	10 मार्च 2018

		एपिस्टेमोलॉजी" डॉ. ए. दोरेन्द्र सिंह द्वारा	
32.	डॉ. कल्याणी सारंगी, व्याख्याता, दर्शनशास्त्र विभाग, जीओपी, पुरी– 752110 उड़ीसा	1. "एनवायर्नमेंटल एथिक्स : व्हाट, व्हाई एंड हाऊ" प्रोफेसर एस.के. मोहंती द्वारा 2. "श्री अरविंदोस विज़न ऑफ़ नाउ अर्थ" डॉ. एच. साहू द्वारा 3. "मैन एंड एनवायरनमेंट" श्री पी.के. पांडा द्वारा	8 फरवरी 2018
33.	श्री भूपेन हजारिका, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, खेरजखत कॉलेज, पोस्टः देवटोला, जिलाः लखीमपुर, असम	"फिलोसॉफी फॉर लाइफ" डॉ. बोर्नली रोरा द्वारा	12 मार्च 2018
34.	डॉ. आशिमा खानिकर, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, अमगुरी कॉलेज, अमगुरी, शिवसागर, असम – 785 680	1. "सोशल एंड पोलिटिकल फिलॉसॉफी" डॉ पंचमी भट्टाचार्जी द्वारा 2. "एथिक्स ऑफ़ ह्यूमन राइट्स" डॉ. सुमित्रा पुरकायस्थ द्वारा	27 मार्च 2018
35.	डॉ. के. सुब्रमण्यन, सहायक प्रोफेसर, सरस्वती नारायणन कॉलेज, मदुरै – 625022	1. "इकोनॉमिक आइडियाज ऑफ़ तिरुवल्लुवर" डॉ. ई. रवि कुमार द्वारा 2. "गांधीयन फिलॉसॉफी एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट" डॉ. एस. वेंकटचलम द्वारा 3. "दी इकोनॉमिक्स ऑफ़ सोशल रेस्पॉन्सिबिल्टी" श्रीमती सी. उमामहेश्वरी द्वारा	24 जनवरी 2018
36.	डॉ. गुरजीत सिंह मान, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, गवर्नमेंट राजिंद्र कॉलेज, बठिंडा, पंजाब 151 001	1. 'मैनस एक्सिस्टेंस एंड क्रिएटिविटी : सम रेफ्लेक्शंस इन दी लाइट ऑफ़ एस्थेटिक्स" डॉ. सिवानी शर्मा द्वारा 2. शोर से संगीत की ओर.	15 मार्च 2018
37.	डॉ. कैलाश चंद्र मोहराना, दर्शनशास्त्र विभाग, बालूगाँव कॉलेज, बालुगाँव, जिलाः खोरदा, ओडिशा 752 030 13 दिसंबर2017	1. "ज्ञाना, दान एंड तपा ऐज मॉडल ऑफ़ कर्मा इन भगवद गीता" प्रोफेसर राज किशोर साहू द्वारा 2. "एक्सिस्टेंन्स–इट्स 'हाऊ' एंड 'व्हाई' इन इंटीग्रल आइडियलिज्म" प्रोफेसर रमाकांत नंदा द्वारा	

38.	श्रीमती ममता जना (रहमान) विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, मिदनापुर कॉलेज (स्वायत्त) पोस्टः मिदनापुर, जिला : पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल, 721101	1. "बुद्धिस्ट एथिक्स एंड मोरालिटी : ए ब्रीफ स्केच डॉ. पाप्या गुप्ता द्वारा 2. "व्हाई वे शुड थिंक फॉर अदर्सः ए क्रिटिकल एस्टीमेट ऑफ़ यूंटिलिटरियंनिस्म" डॉ दीपायन पट्टनायक द्वारा	13 फरवरी 2018
39.	डॉ. आर. इंदिरा, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग पूम्फुअर कॉलेज (स्वायत्त) मेलैयूर, तमिलनाडु 609,107 15 मार्च 2018	1. "एन आडीलिस्टिकव्यू ऑफ़ लाइफ" डॉ. एस. थंगाराजू द्वारा 2. "एन इम्पेक्ट ऑफ़ मॉडर्न इंडियन फिलोसॉफी ऑन सोशल चेंजस" डॉ. जे. थिरुमल द्वारा 3. "दी फिलोसॉफी ऑफ़ रामानुजन" डॉ. इ. रवि कुमार द्वारा	
40.	डॉ. अरुण गर्ग, सहायक प्रोफेसर, पी.जी. दर्शनशास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया 823001	1. "सब–आल्टर मोरालिटी" प्रोफेसर आर.सी. सिन्हा 2. "विमेंस इकनोमिक एम्पावरमेंट : एन इम्पेरटिवे फॉर इकनोमिक ग्रोथ" प्रोफेसर पूनम सिंह द्वारा	6 फरवरी 2018
41.	डॉ. सुचरिता चौधुरी, सह – प्राध्यापक, दर्शनशास्त्र विभाग, माइकल मधुसूदन दत्ता कॉलेज (एम एम डी सी) पोस्ट : सबरूम, दक्षिण त्रिपुरा–799145	1. "रोल ऑफ़ यूथ इन मैनटैनिंग आर्डर इन लाइफ" श्री तपन दत्ता द्वारा	16 नवंबर 2017
42.	डॉ. असोंगपु, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, आर्य महिला पी.जी. कॉलेज, चेतगंज, वाराणसी	1. "नॉलेज इन इंडियन फिलॉसॉफी" प्रोफेसर सचिदानंद मिश्रा द्वारा 2. "सेवन सोशल सीन्स अकॉर्डिंग टू गाँधी" प्रोफेसर आर.पी. द्विवेदी द्वारा 3. "वेदांत साहित्य" प्रोफेसर सुधाकर मिश्रा द्वारा 4. "न्याय दर्शन के सिद्धांत" प्रोफेसर रामपूजन पांडे द्वारा	6 फरवरी 2018 और 14 मार्च 2018
43.	डॉ. प्रसेनजीत बेरा, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, अघोर कामिनी प्रकाश चंद्र महाविद्यालय,	1. "स्कूल ऑफ़ इंडियन फिलॉसॉफी एंड देयर कंट्रिब्यूशंस" डॉ. दीपनयन पट्टनायक द्वारा	6 फरवरी 2018

सुभाष नगर, बेंगई, जिलाः हुगली, पश्चिम बंगाल	2. "दी डिफरेंट सिस्टम्स ऑफ़ इंडियन फिलॉसॉफी एंड दिअर इंटररिलेशन" डॉ. रतना दत्ता शर्मा	
44. श्रीमती अनु कंधारी, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, हिंदू कॉलेज, अमृतसर–143 001	डॉ अनीता मेनन, डॉ. मनविंदर सिंह और डॉ. मोहब्बत सिंह द्वारा "रेलेवंस ऑफ़ एथिक्स इन मॉडर्न टाइम्स" विषय पर व्याख्यान	27 फरवरी 2018

1. 16 नवंबर 2017 को भा.दा.अ.प. द्वारा प्रायोजित, विश्व दर्शन दिवस 2017 के महत्वपूर्ण अवसर पर उदयनाथ कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आडसपूर, कटक द्वारा 'पीरियॉडिक लेक्चर प्रोग्राम' के तहत डॉ. गणेश प्रसाद दास, पूर्व प्रोफेसर और अध्यक्ष, पीजी दर्शनशास्त्र विभाग, उत्कल विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन प्रतिष्ठित विद्वानों, डॉ बिजयानंद कर, दर्शनशास्त्र के पूर्व रीडर, कमला नेहरू महिला कॉलेज, भुवनेश्वर ने "दी ह्यूमन इकोलॉजी एंड फिलोसोफिकल कंसर्न", "ए नोट ऑन प्लेटोस फिलॉसॉफी" और "दी जैन व्यू ऑफ़ कर्म" पर क्रमानुसार व्याख्यान दिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डी. सिंह ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। विभाग के अध्यक्ष श्री बिजय कुमार नायक ने स्वागत भाषण दिया और विभाग की ओर से संकाय सदस्य श्रीमती चारुलता दास ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा तथा वित्तीय सहायता के लिए भा.दा.अ.प. का आभार व्यक्त किया।
2. 13 दिसंबर 2017 को प्राचार्य डॉ. प्रशांत कुमार आचार्य की अध्यक्षता के अंतर्गत दर्शनशास्त्र विभाग, बालूगाँव कॉलेज में भा.दा.अ.प. द्वारा प्रायोजित आवधिक व्याख्यान को आयोजित किया गया। प्रोफेसर राजा किशोर साहू, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग और प्रिंसिपल, आर.सी. कॉलेज, और प्रोफेसर रमाकांत नंदा, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, गोदावरी महाविद्यालय ने इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता थे। प्रोफेसर पूर्ण चंद्र दास, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, द्वारा मूल विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर आर.के. साहू ने भागवत् गीता में ज्ञान, दान और तप तथा कर्म पर बात की। प्रोफेसर आर.के. नंदा ने "एक्सिस्टेंन्स–इट्स हाउ एंड व्हाई इन इंटीग्रल आईडियालिस्मः एन अप्रैज़ल" विषय पर विस्तार से बताया। डॉ के. चौधरी मोहराना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। 5 फरवरी 2018 को एक अन्य व्याख्यान का आयोजित किया गया श्री भागीरथी महापात्र ने श्री अरबिंदो के दर्शनशास्त्र पर अपना भाषण दिया। दोनों कार्यक्रमों में, आस–पास के कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने भी भाग लिया।

3. 24 फरवरी 2018 को दर्शनशास्त्र विभाग, पंडित मोहन लाल एस.डी. कॉलेज फॉर वूमेन, गुरदासपुर ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित "इमम्बिबिंग ऑफ़ मोरल वैल्यूजः नीड ऑफ़ दी हॉर्स" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन में डॉ. मनविंदर सिंह, गुरु नानक स्टडीज विभाग, जीएनडीयू, अमृतसर, डॉ. पवन कुमार, सहायक प्रोफेसर, गुरु नानक स्टडीज विभाग, जीएनडीयू अमृतसर और श्री नीरज कुमार शर्मा (दर्शनशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर), बीयूसी कॉलेज, बटाला आमंत्रित विद्वान वक्ता थे। डॉ. मनविंदर सिंह ने छात्रों को नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जो आजकल आवश्यक है। डॉ. पवन कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा हमारी बहुमूल्य धरोहर है। डॉ. नीरज कुमार ने दार्शनिक विश्लेषण के बारे में बात की जो महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे "नैतिक" शब्द का विस्तार किया, जिसका अर्थ है आचरण, चरित्र या उचित व्यवहार। सुश्री राजिंदर (दर्शनशास्त्र में सहायक प्रोफेसर) ने अतिथि का धन्यवाद किया जिन्होंने नैतिक मूल्यों के बारे में ज्ञान प्रदान करने में छात्रों को अपना बहुमूल्य समय दिया।

4. 28 फरवरी 2018 को छात्रों के बीच दार्शनिक विचारों को बढ़ावा देने और सामान्य तरीके से विषय को लोकप्रिय बनाने के लिए दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा मूलजी जैथा कॉलेज, जलगांव (महाराष्ट्र) में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर (डॉ.) वैजयंती बेलसारे, प्रोफेसर और प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, एस. रजनी सिन्हा, दर्शनशास्त्र विभाग की प्रमुख, ने वक्ता का परिचय दर्शकों कराया। दोपहर के भोजन के पहले और बाद के सत्रों में 100 से अधिक श्रोतागण जिसमें कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र और अध्यापक शामिल थे। छात्रों ने दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। अच्छा शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया।

5. 18 दिसंबर 2017 को भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दर्शनशास्त्र विभाग, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन, तिरुवनंतपुरम ने सेमिनार हॉल, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन, तिरुवनंतपुरम में पहला आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. प्रभु वी., एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमेनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज, आईआईटी गुवाहाटी, असम, व्याख्यान के लिए साधन जुटाने वाले व्यक्ति थे। डॉ. आर. लक्ष्मी, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग ने प्रतिभागियों एवं अतिथि वक्ताओं का भी स्वागत किया। डॉ. जी. विजयलक्ष्मी, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वीमेन, तिरुवनंतपुरम, ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में अधिक से अधिक अवसर मिलें। व्याख्यान का विषय "एनिमल राइट्स एंड वेलफेयर एंड इट्स एथिकल इम्प्लिकेशन्स विथ स्पेशल रिफरेन्स टू पीटर सिंगर" था। इस कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग, केरल विश्वविद्यालय,

यूनिवर्सिटी कॉलेज, तिरुवनंतपुरम के साथ–साथ गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन, तिरुवनंतपुरम के छात्रों और फैकल्टी ने कार्यक्रम में भाग लिया। दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. एल. विजई ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

6. 5 जनवरी 2018 को भा.दा.अ.प. द्वारा प्रायोजित शैलबाला विमेंस (स्वायत्त) कॉलेज ने "एनवायर्नमेंटल एंड ह्यूमन वैल्यूज" विषय पर आवधिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण डॉ कादम्बिनी दास (प्राचार्य) ने दिया। श्रीमती मधुलिता साहू ने अतिथियों का परिचय कराया और श्रीमती नर्मदा कुमारी परिदा, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, ने व्याख्यान का विषय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के वक्ता डॉ. मनोज कुमार पांडा ने "वैल्यू, नोर्मेटिविटी एंड नेचुरल वर्ल्ड" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर सरोज कुमार मोहंती ने "वैल्यू इन एनवायरनमेंट" विषय पर बात की। महाविद्यालय की ओर से श्रीमती नर्मदा कुमार परिदा द्वारा धन्यवाद–प्रस्ताव दिया गया।

7. 8 जनवरी 2018 को डॉ. राधा कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, प्राचीन इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई द्वारा आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान "आलमपुर एंड एस्थेटिक्स–ए कोन्फ़्लुएन्स" का संबंध भारतीय सौंदर्यशास्त्र पर था। डॉ. राधा ने संगीत और नृत्य के माध्यम से छात्रों के लिए कार्यक्रम को रुचिकर बनाया।

   18 जनवरी 2018 को दूसरा व्याख्यान, डॉ. राधाकृष्णन पिल्लई, संयुक्त निदेशक, सी.आई.आई.आई., यूनिवर्सिटी ऑफ़ मुंबई द्वारा "कौटिल्यास अर्थशास्त्र–रेडिस्कवरिंग दी फिलोसोफिकल डाईमेन्शन" विषय पर संबोधित किया गया। उन्होंने चाणक्य के जीवन की एक झलक प्रस्तुत किया और मूलग्रंथ के अध्ययन पर जोर दिया।

   1 फरवरी 2018 को तीसरा व्याख्यान डॉ. मीनल कातरनिकर, एसोसिएट प्रोफेसर, मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा "एपिस्टेम एंड विजडमः डाईमेन्शन्स ऑफ़ नॉलेज इन इंडियन ट्रेडिशन" विषय पर दिया गया जिसमे ज्ञान प्राप्त करने में उद्देश्यपूर्ण समझ और भारतीय तत्वमीमांसा को समझने में इसकी सक्रिय भूमिका को प्रस्तुत किया।

   15 फरवरी 2018 को चौथा व्याख्यान, डॉ. सुचित्रा नाइक, प्रिंसिपल, जोशी बेडेकर कॉलेज, ठाणे द्वारा "फिलोसोफिकल काउंसलिंग – ए ब्लूप्रिंट टू डु फिलॉसॉफी" पर दिया गया। उन्होने शास्त्रीय दर्शन के अनुप्रयोग और मनोविज्ञान के साथ अपने संबंधों को समझाकर इसे आगामी व्यवसाय विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया।

   सहकर्मी, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र भी इन व्याख्यानों में शामिल हुए।

8. दर्शनशास्त्र विभाग, बी.जे.बी. (ऑटोनॉमस) कॉलेज, भुवनेश्वर ने कॉलेज के हॉल में 15 जनवरी 2018 को भा.दा.अ.प., नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजित किया। कार्यक्रम के आरम्भ में ही, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रसन्ना कुमार मोहंती ने संगोष्ठी का उद्घाटन किया और राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए दर्शनशास्त्र के शिक्षक–प्रतिभागियों, सहयोगी विभागों के सदस्यों और संकाय सदस्यों को संगोष्ठी में स्वागत किया। डॉ. हरिश्चंद्र साहू, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र, ने विषयों का विवरण पेश किया और वक्ताओं का औपचारिक परिचय दिया। प्रोफेसर सरोज कुमार मोहंती, पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर ने "दी एनवायरनमेंटल एथिक्स" विषय पर व्याख्यान करते हुए मानवशास्त्रीय, जैव–केंद्रित और ईको–केंद्रित विचारों की सीमाओं पर चर्चा की। ये सभी विचार अपर्याप्त हैं। इसलिए, पूरे जैविक समुदाय को पुनर्स्थापित करने, उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए पर्यावरणीय नैतिकता के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। डॉ. सुधीर कुमार दास ने "बिजनेस–एथिक्स एंड सीएसआर" विषय पर चर्चा किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अच्छा व्यवसाय नैतिकता पर आधारित होना चाहिए। कॉर्पोरेट क्षेत्र में समाज के विकास के प्रति कुछ कर्तव्य और जिम्मेदारियां हैं। प्रोफ़ेसर धनेश्वर साहू ने "इंटररिलिजियस हार्मनी एंड पीस" विषय पर बात की। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, तर्कसंगत और मानवतावादी दृष्टिकोण पर आधारित एक वास्तविक समाज की संभावना के पक्ष में वकालत की। व्याख्यान के अंत में, दुविधाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रश्न–उत्तर सत्र था। डॉ. रीता पति, वाइस–प्रिंसिपल ने सभी प्रतिभागियों को शिष्टाचार के अनुकूल धन्यवाद दिया।

9. 18 जनवरी 2018 को प्रोफेसर प्रीतम सिंह द्वारा दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र विभाग, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ ने व्याख्यान का आयोजन किया। प्रोफेसर प्रीतम सिंह, 'ऑक्सफोर्ड ब्रूक्स बिजनेस स्कूल, हेडिंगटन स्कूल, ऑक्सफोर्ड में अर्थशास्त्र के प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं। उन्होने "एनवायर्नमेंटल एथिक्स ऑफ़ इंडिविजुअल एंड कलेक्टिव रिस्पांसिबिलिटी टू सेव दी प्लेनेट अर्थ" विषय पर शोध परक व्याख्यान किया।

   महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा भार्गव ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने समारोह के आयोजन में अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त प्रयास की सराहना की तथा वित्तीय सहायता के लिए भा.दा.अ.प., नई दिल्ली को धन्यवाद दिया। व्याख्यान में इस कॉलेज के छात्रों, संकाय सदस्यों के साथ–साथ विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक एवं विद्यार्थीयों ने भाग लिया।

10. 18 जनवरी 2018 को दर्शनशास्त्र विभाग, सालिपुर स्वायत्त महाविद्यालय, सलीपुर ने "एनवायर्नमेंटल

एथिक्स" विषय पर सामयिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. हरीश चंद्र साहू, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र, बी.जे.बी. ऑटोनोमस कॉलेज, भुवनेश्वर द्वारा व्याख्यान दिया गया। अपने भाषण में, उन्होंने "पर्यावरण" के साथ–साथ "नैतिकता" की धारणा को विस्तार से स्पष्ट किया। उनके लिए, पर्यावरण नैतिकता ऐसे आधुनिक समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने पर्यावरण नैतिकता के तीन अलग–अलग तरीकों जैसे जैव–केंद्रवाद, मानवशास्त्र और पर्यावरण–केंद्रितवाद के बारे में बात की। उनमें से 'पर्यावरण–केंद्रवाद' दृष्टिकोण उत्कृष्ट है और इसे अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों द्वारा उठाए गए संदेह को स्पष्ट किया। दोपहर के सत्र में, एक अन्य सामयिक व्याख्यान में डॉ बिधू प्रसाद पात्रा, एक्स.आई.बी.एम., भुवनेश्वर में प्रोफेसर द्वारा "प्रोफेशनल एथिक्स" विषय पर विशेष रूप से चिकित्सा नैतिकता पर व्याख्यान दिया। अपने भाषण में, उन्होंने डॉक्टर और रोगी के बीच उचित संबंध को बताया। उन्होंने इस मामले पर तीन तरह के विचारों, जैसे पैतृकवाद, व्यक्तिवाद और पारस्परिक दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से चर्चा की। उनमें से पारस्परिक दृष्टिकोण अधिक नैतिक है और सभी मामलों में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों द्वारा उठाए गए संदेह को स्पष्ट किया।

11. पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स, सरस्वती नारायणन कॉलेज, मदुरै द्वारा "इकनोमिक थॉट्स ऑफ़ तिरुवल्लुवर, गांधीयन फिलॉसॉफी एंड इकॉनोमिक डेवलपमेंट, इकोनॉमिक्स ऑफ़ सोशल रिस्पांसिबिलिटी एंड एथिक्स" विषय पर 24 जनवरी 2018 को भा.दा.अ.प. द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय सामयिक व्याख्यान का आयोजित किया गया। श्री एम. जयकुमार, एसोसिएट प्रोफेसर और अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख, ने सभा का स्वागत किया। डॉ. एम. कन्नन, प्राचार्य, ने अपने उद्घाटन भाषण में ट्रस्टीशिप और सर्वोदय के सिद्धांत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अर्थशास्त्र विषय की सराहना करते हुए इस विषय को चुना जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के युग में अधिक प्रासंगिक है। डॉ. एस. वेंकटचलम ने अपने मुख्य भाषण में कहा कि भारतीय संस्कृति के पश्चिमीकरण के वर्तमान चलन को रोकने के लिए महात्मा गांधी के आर्थिक दर्शन का अभ्यास करने की तत्काल आवश्यकता है। डॉ. ई. रविकुमार ने थ्रूवल्लुवर के आर्थिक विचारों पर बात की। उन्होंने कहा कि थिरुक्कुरल में प्रतिपादित किए गए आर्थिक विचार व्यापक और पूर्ण हैं। आयोजन सचिव डॉ. के. सुब्रमण्यन ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

12. दर्शनशास्त्र विभाग, विवेकानंद कॉलेज, ठाकुरपुकुर, कोलकाता में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा "दी स्टेटस ऑफ़ वीमेन इन बुद्धिज़्म" विषय पर 30 जनवरी 2018 को भा.दा.अ.प. द्वारा प्रायोजित आवधिक व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रोफेसर डॉ. ऐश्वर्या विश्वास, प्रमुख, बुद्धिस्ट स्टडी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता ने "ऐवोलुशनरी कॉन्सेप्ट्स ऑफ़ बुद्धिस्ट इमांसपेशन

एंड वीमेनःए स्टडी फ्रॉम पाली लिटरेचर" विषय पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. सुभासिस बरुआ (सुमनपाल भिक्खु), प्रोफेसर, पाली विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, ने "दी स्टेटस ऑफ़ वीमेन इन बुद्धिज़्म : एन ओवरव्यू" विषय पर भाषण दिया। व्याख्यान श्रृंखला में संकाय सदस्यों और अनुसंधान विद्वानों के साथ दर्शनशास्त्र विभाग के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के अकादमिक समन्वयक डॉ. अरविंद पान ने स्वागत भाषण दिया। प्रोफेसर प्रज्ञा भट्टाचार्य ने विशिष्ट वक्ताओं का श्रोताओं से परिचय कराया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष और समन्वयक डॉ. तृप्ति धर ने वर्तमान परिदृश्य में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और इस बात पर भी बल दिया कि इस कॉलेज के छात्रों की समझ और विकास के लिए, मुख्य रूप से पहली पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार की व्याख्यान श्रृंखला की आवश्यकता है।

डॉ. धर ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और इस तरह के महत्वपूर्ण तथा प्रासंगिक विषय पर विशिष्ट वक्ताओं द्वारा परिचर्चा को आयोजित करने के हेतु भा.दा.अ.प. द्वारा वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

13. 6 फरवरी 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और दर्शनशास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया द्वारा मुंशी प्रेमचंद सभागार, गया कॉलेज, गया में आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर (डॉ.) क़मर एहसान, कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और उप कुलपति प्रोफेसर (डॉ) के.एन. पासवान की अनुपस्थित में रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ) शैलेश कुमार सिंह सम्मानीय अतिथि थे।। आमंत्रित वक्ताओं में प्रोफेसर (डॉ.) रमेश चंद्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना और प्रोफेसर (डॉ.) पूनम सिंह, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद प्रोफेसर (डॉ.) बी. आर. यादव, अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया; प्रोफेसर (डॉ.) डी.के. सिन्हा, प्राचार्य, गया कॉलेज, गया और प्रोफेसर (डॉ.) शशि सिंह, अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया। दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शशि सिंह ने श्रोताओं और अतिथि को व्याख्यान के विषय को प्रस्तुत किया। मगध विश्वविद्यालय, बोध गया, के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) क़मर एहसान ने श्रोताओं को संबोधित किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किए और छात्रों को अपने–अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात, प्रथम वक्ता प्रोफेसर (डॉ.) रमेश चंद्र सिन्हा, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, पटना द्वारा व्याख्यान प्रस्तुति की गई। उन्होंने "मार्जिनल मोरालिटी एंड मॉडर्न एथिकल प्रोब्लेम्स" विषय पर बात की। इसके बाद (डॉ) पूनम सिंह, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, का व्याख्यान हुआ। उन्होंने "वीमेन

पावरः एन एसेंशियल एलिमेंट ऑफ़ इकोनोमिक ग्रोथ" विषय पर बात की। ये व्याख्यान छात्रों और अन्य विभागों के संकाय सदस्यों द्वारा प्रश्न और उत्तर सत्र के बाद किए गए थे। अंत में, प्रोफेसर (डॉ.) बी.आर. यादव, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया ने अपने विचार प्रस्तुत किए और प्रोफेसर (डॉ.) गौतम कुमार सिन्हा, दर्शनशास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया ने शिष्टाचार के अनुकूल धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

14. 13 फरवरी 2018 को भारतीय दर्शनशास्त्र अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और दर्शनशास्त्र विभाग, मिदनापुर कॉलेज (स्वायत्तशासी) ने आवधिक व्याख्यान आयोजित किया, ताकि दर्शनशास्त्र के विषय में ऑनर्स और सामान्य दोनों के ज्ञान को समृद्ध किया जा सके। डॉ. दीपायन पट्टनायक, दर्शनशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर, जादवपुर विश्वविद्यालय को विद्वान वक्त के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ. पापिया गुप्ता ने "बुद्धिस्ट एथिक्स एंड मोरालिटी : ए ब्रीफ स्केच" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को यह समझाने की कोशिश किया कि बुद्ध द्वारा तैयार किए गए श्रमण के लिए आचरण (पंच–शिला) के पांच प्रमुख नियम आज भी समाज में शांति से रहने के लिए प्रासंगिक हैं। व्याख्यान के अंत में, उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत की। डॉ. दीपायन पट्टनायक ने "व्हाई वी शुड थिंक ऑदर्सः ए क्रिटिकल एस्टीमेट ऑफ़ यूंटिलिटरियनिस्म" शीर्षक से व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट रूप से समझाया कि उन्होंने इस संसार में जन्म लिया है तो समाज के लिए उनके कुछ कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां हैं। डॉ. गोपाल चंद्र बेरा, प्रिंसिपल, मिदनापुर कॉलेज; डॉ. सुधामॉय घोष, प्रोफेसर सुधींद्रनाथ बाग, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान; इतिहास विभाग के प्रोफेसर सत्य रंजन घोष कार्यक्रम में उपस्थित थे। दर्शनशास्त्र के सभी संकायों, 120 छात्रों और 2 एम. फिल छात्रों (जादवपुर विश्वविद्यालय) ने कार्यक्रम में भाग लिया।

15. 15 फरवरी 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और दर्शनशास्त्र विभाग, डी.के.डी. कॉलेज, डरगाँव, द्वारा कॉलेज के जे.एन. हजारिका मेमोरियल कॉन्फ्रेंस हॉल में आवधिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री निरंजन हालोई, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। डॉ. गिरीश बरुआ ने आमंत्रित विद्वान वक्ता व्यक्ति के रूप में भाग लिया और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पुणेश्वर बोरा, सेवानिवृत्त प्राचार्य, डी.के.डी. कॉलेज, डरगाँव द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त, श्री एन.सी. दास, कॉलेज के उप–प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया। श्री एन. हलोई ने आमंत्रित विद्वान वक्ता का परिचय दिया। डॉ. बरुआ ने भगवत् गीता की उत्पत्ति और विकास के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ. बरुआ ने कहा कि स्वधर्म की गीता की अवधारणा सभी लोगों के लिए एक

सार्वकालीन मूल्य है। यह मनुष्य को सिखाता है कि कर्तव्य के लिए स्वयं का कर्तव्य कैसे निभाया जाए। डॉ. बरुआ के व्याख्यान के बाद छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ दिलचस्प बातचीत हुई, जिन्होंने कुछ प्रासंगिक सवाल उठाए। डॉ. बिटोपन बोरा (छात्र), निरंजन हालोई, अबुल कलाम आदि ने बातचीत में भाग लिया। इस अवसर पर श्री बोधेश्वर काकाती, वैष्णव विद्वान और अध्यक्ष, डी.के.डी. कॉलेज शासी निकाय, विशिष्ट अतिथि थे और इस तरह के दिलचस्प विषय के चयन के लिए आयोजक की सराहना की। वित्तीय सहायता देने के लिए भा.दा.अ.प. को भी धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. पुणेश्वर बोरा, सेवानिवृत्त प्राचार्य, डी.के.डी. कॉलेज, ने भी गीता के शिक्षण के महत्व और प्रासंगिकता के बारे में संक्षिप्त विवरण की सराहना की।

16. 14 और 16 मार्च 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और दर्शनशास्त्र विभाग, आर्य महिला पी.जी. कॉलेज ने व्याख्यान श्रृंखला 2017–18 का आयोजन किया। विभिन्न संस्थानों से प्रमुख विद्वानों द्वारा चार व्याख्यान दिए गए। व्याख्यान में कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षकों और लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। हर व्याख्यान के बाद, प्रश्न और चर्चाएँ की गईं। 16 फरवरी 2018 को, प्रोफेसर सच्चिदानंद मिश्रा, दर्शनशास्त्र और धर्म विभाग, बीएचयू द्वारा "नॉलेज ऑफ़ इंडियन फिलॉसॉफी" और प्रोफेसर आर.पी. द्विवेदी, गांधीयन स्टडी सेंटर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के लिए "सेवन सोशल सीन्स अकॉर्डिंग टू गाँधी" विषय पर पहला व्याख्यान दिया। अन्य दो व्याख्यान 14 मार्च 2018 को आयोजित किए गए। प्रोफेसर सुधाकर मिश्रा, पूर्व प्रमुख, वेदांत विभाग, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने "वेदांत साहित्य" विषय पर और प्रोफेसर रामपाल पांडे, विभागाध्यक्ष, न्याय–वैशेषिका विभाग सपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने "न्याय दर्शन के सिद्धान्त" विषय पर व्याख्यान दिया।

17. 27 फरवरी 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित, द हिंदू कॉलेज, अमृतसर ने "रेलेवंस ऑफ़ एथिक्स इन मॉडर्न टाइम्स" शीर्षक से आवधिक व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रोफेसर अनु कंधारी ने व्याख्यान के विषय का परिचय दिया और आदरणीय अतिथि का स्वागत किया। डॉ. मनविंदर सिंह (वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर) और डॉ. मोहबत सिंह (सहायक प्रोफेसर), गुरु नानक अध्ययन विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय; डॉ. अनीता मेनन, प्रिंसिपल, डी.ए.वी. कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन फॉर वीमेन, अमृतसर; डॉ. विपन कुमार, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग तथा डॉ. कुलदीप सिंह आर्य, प्रमुख, संस्कृत विभाग ने व्याख्यान में भाग लिया। सभागार में लगभग 120 छात्र उपस्थित थे। प्राचार्य, डॉ. पी.के. शर्मा ने सभी आदरणीय अतिथियों को सम्मानित किया। प्रथम वक्ता डॉ. मनविंदर सिंह थे, जिन्होंने युवाओं के

लिए अर्थ, परिभाषा की नैतिकता और उसकी प्रासंगिकता को आलोकित किया। दूसरे वक्ता डॉ. मोहबत सिंह थे जिन्होंने नैतिकता की प्रकृति पर प्रकाश डाला और छात्रों को प्रेरित किया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के अपने आचरण को बेहतर करना और योग्य नागरिक बनाना है तथा नैतिकता का मुख्य कार्य मानवीय आचरण का आत्मीय आदर्श को प्राप्त करना है। तीसरी वक्ता डॉ अनीता मेनन, प्रिंसिपल, डी.ए.वी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर विमेन, अमृतसर। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक जीवन में नैतिक मूल्यों को लागू करने के लिए प्रेरित किया जो जीवन के प्रति मनुष्य के दृष्टिकोण के आंतरिक परिवर्तन से संभव है। अंत में, हिंदू कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. पी.के. शर्मा ने सभी सम्मानित विद्वानों को धन्यवाद दिया और छात्रों को प्रेरित किया कि अच्छे आचरण के दर्शन का अर्थ है स्वयं का पूर्ण एकीकरण, जो वर्तमान जीवन में आदर्श और अभ्यास का समन्वय है।

18. 19 फरवरी 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा दर्शनशास्त्र विभाग, श्री नारायण कॉलेज, चेरतला, अलाप्पुझा द्वारा आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला का शीर्षक "प्रैक्टिकल इम्प्लिमेंट्स ऑफ इंडियन फिलॉसफी" था। पहले व्याख्यान के लिए संसाधन व्यक्ति डॉ. उन्नीकृष्णन पी., सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कलदी थे। व्याख्यान का स्थान गुरुवर सेमिनार हॉल, श्री नारायण कॉलेज, चेरथला चुना गया था। डॉ. सौम्या आर.वी., विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, ने संसाधन व्यक्ति के साथ–साथ प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. उन्नीकृष्णन पी. द्वारा "रेविसिटिंग दी प्रैक्टिकल आस्पेक्ट्स ऑन इंडियन फिलॉसॉफी" विषय का चुनाव किया गया था।

डॉ. राधारानी पी. द्वारा व्याख्यान के लिए दूसरा विषय "प्रैक्टिकल इम्प्लिकेशन्स ऑफ़ हेटेरोडॉक्स सिस्टम इन इंडिया" का चुनाव किया गया। हालांकि शीर्षक में अभिव्यक्ति धर्म–विरूद्ध पद्धतियां शामिल हैं, लेकिन उन्होंने अपने व्याख्यान के दायरे को जैन धर्म के व्यावहारिक प्रभाव तक सीमित कर दिया। बातचीत में, उन्होंने जैन धर्म के तत्वमीमांसा के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया। चार्वाक, जैन धर्म और बौद्ध धर्म इनकी दार्शनिक अवधारणाओं को इसके व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझा जा सकता है। श्रीमती जयलक्ष्मी अम्मा एस., संकाय, दर्शनशास्त्र विभाग, ने कार्यक्रम के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

तीसरा व्याख्यान का विषय "डूइंग फिलॉसफीः ट्रेडिशन्स इन इंडिया" डॉ. गैस्पर के.जे. द्वारा चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत दर्शनशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. सौम्या आर.वी. के स्वागत

भाषण से हुई। व्याख्यान में इस बात पर महत्त्व दिया कि दर्शनशास्त्र को समझा जा सकता है, अभ्यास किया जा सकता है और दूसरों को अभ्यास कराया जा सकता है। व्याख्यान ने वैश्विक स्तर पर एक अकादमिक अनुशासन के रूप में दर्शनशास्त्र की संभावना पर एक स्पष्ट तस्वीर दी।

19. 10 मार्च 2018 को प्रोफेसर रघुनाथ घोष, प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ फिलॉसफी, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ बंगाल, ने मयनागुरी कॉलेज में "द कॉन्सेप्ट ऑफ लक्षण इन न्याय फिलॉसफी" विषय पर व्याख्यान दिया और 12 फरवरी 2018 को प्रोफेसर कांतिलाल दास, दर्शनशास्त्र विभाग, ऑफ नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी, मयनागुरी कॉलेज में "रोल ऑफ़ लैंग्वेज इन लॉजिक" विषय पर व्याख्यान दिया। आरम्भ में, मयनागुरी कॉलेज के शिक्षक सुष्मिता पंडित, शिक्षक–प्रभारी, ने स्वागत भाषण दिया। व्याख्यान कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रोफेसर रघुनाथ घोष ने किसी शब्द या वाक्य का निहितार्थ अर्थ और हमारे जीवन और दिन–प्रतिदिन के व्यवहार में इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। प्रोफेसर कांतिलाल दास, दर्शनशास्त्र विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ बंगाल, ने व्याख्यान में तर्क के माध्यम से भाषा के महत्व को समझाया।

20. 10 मार्च 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित तथा दर्शनशास्त्र विभाग, डी.एम. कॉलेज ऑफ आर्ट्स, इम्फाल ने कॉलेज आई.क्यू.ए.सी.ए. सभागार में आवधिक व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य, श्री सरगजीत खुंदरकपम व्याख्यान के मुख्य अतिथि थे और डॉ. ख. गोकुलचंद्र सिंह, दर्शनशास्त्र विभाग के प्रमुख समारोह के अध्यक्ष थे। आवधिक व्याख्यान दो प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा दिया गया था। डॉ. ए. दोरेन्द्र सिंह, सेवानिवृत प्राचार्य, डी.एम. कॉलेज ऑफ आर्ट्स, इम्फाल और वर्तमान में अतिथि संकाय, दर्शनशास्त्र विभाग, मणिपुर विश्वविद्यालय, कांचीपुर द्वारा पहला व्याख्यान "कान्ट्स कॉपर्निकन रेवोल्यूशन इन एपिस्टेमोलॉजी" विषय पर दिया गया था। उन्होंने कांट के जीवन और सामान्य रूप से काम करने की संक्षिप्त पृष्ठभूमि के बारे में तथा कांट के ज्ञानवाद पर चर्चा किया।

    दूसरा व्याख्यान प्रोफेसर एस. लोकेंद्रजीत सिंह, सेवानिवृत्त, दर्शनशास्त्र और मानविकी विभाग के डीन, मणिपुर विश्वविद्यालय द्वारा दूसरा व्याख्यान "दी एस्थेटिक मैस्टिसिस्म ऑफ़ मणिपुरी वैष्णविज्म" विषय पर था। मणिपुर की वैष्णव परंपरा देश के अन्य हिस्सों के वैष्णववाद से बहुत भिन्न है। उन्होंने धर्मशास्त्र और रहस्यवाद की पश्चिमी परंपरा से अपना व्याख्यान शुरू किया, विशेष रूप से सोरेन कीर्केगार्ड का और बाद में इसे मणिपुरी वैष्णववाद के रहस्यवाद से जोड़ा।

कार्यक्रम का समापन दर्शनशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एन. राजेन सिंह द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।

21. 12 मार्च 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित तथा दर्शनशास्त्र विभाग, खेराजाखट कॉलेज, लखीमपुर, असम के साथ आई.क्यू.ए.सी. के सहयोग से खेराजकहाट कॉलेज कॉन्फ्रेंस हॉल में आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरू करने से पहले महात्मा गांधी, सर्वपल्ली राधाकृष्णन और स्वामी विवेकानंद को भारतीय दर्शन में योगदान के लिए स्मरण में पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम का आरम्भ खेरजाखट कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. हेमचंद्र गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलित से हुआ। अपने संक्षिप्त भाषण में, डॉ. हेमचंद्र गोस्वामी ने विशेष रूप से बताया कि दर्शन, पढ़ने, लिखने, सुनने और दूसरों से बात करने का बौद्धिक अभ्यास केवल अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं था, बल्कि इस ज्ञान को प्रयोग में लाना भी था। उद्घाटन भाषण खेरजाखट कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. कल्पना गोस्वामी द्वारा दिया गया। अपने संबोधन में, उन्होंने हमारे जीवन के दार्शनिक दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया और सभी से बेहतर दार्शनिक अर्थ के लिए आग्रह किया। श्री भूपेन हजारिका, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, खराजकाट कॉलेज ने स्वागत भाषण दिया। नॉर्थ लखीमपुर कॉलेज (स्वायत्त) की सहायक प्रोफेसर डॉ. बोर्नाली बोराह ने "फिलॉसफी फॉर लाइफ" विशिष्ट विषय पर भाषण दिया। डॉ. दिलीप कुमार भुइयां ने अध्यक्ष के रूप में ज्ञानवर्धक भाषण दिया। उन्होंने टिप्पणीस्वरूप कहा कि एक दार्शनिक प्रणाली अस्तित्व का एक एकीकृत दृष्टिकोण है। यह एक अध्ययन है जो अस्तित्व और वास्तविकता के रहस्यों को समझना चाहता है। अध्यक्ष ने विदाई कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र बांटे। अंत में, कार्यक्रम का समापन डॉ. तिलिका बरुआ द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ।

22. 14 मार्च 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित तथा दर्शनशास्त्र विभाग, बांकुरा क्रिश्चियन कॉलेज, पश्चिम बंगाल द्वारा "सम मेन प्रोब्लेम्स ऑफ़ इंडियन एंड वेस्टर्न फिलॉसॉफी" विषय पर आवधिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. अनुपम जश, प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, बांकुरा क्रिश्चियन कॉलेज, पश्चिम बंगाल ने प्रतिष्ठित वक्ताओं, अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की विषयवस्तु का संक्षिप्त परिचय भी दिया। डॉ. फाटिक बरन मंडल, प्रिंसिपल, बांकुरा क्रिश्चियन कॉलेज, और कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा प्रोफेसर ममता बंद्योपाध्याय, पूर्व प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ़ बर्दवान और मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के संसाधन व्यक्ति, ने दीप प्रज्जवलित किया और औपचारिक रूप से सेमिनार का उद्घाटन किया। प्रोफेसर बंद्योपाध्याय ने दर्शनशास्त्र और उसके विभिन्न पहलुओं, समस्याओं

और संभावनाओं के अध्ययन की प्रासंगिकता और महत्व का वर्णन किया। डॉ. समर कुमार मंडल, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय ने अपना भाषण दिया और आवधिक व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य विषय पर प्रकाश डाला। बंकुरा विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. कल्याण बनर्जी ने भी इस चर्चा में भाग लिया। छात्रों और प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों के साथ उपयोगी चर्चा हुई।

23. 15 मार्च 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित तथा पीजी एंड रिसर्च डिपार्टमेंट ऑफ फिलॉसफी, रिलिजन एंड कल्चर, पूमपुहर कॉलेज (ऑटोनॉमस), मेलैयूर, तमिलनाडु ने आवधिक व्याख्यान का आयोजन किया। प्राचार्य, पूमपुहर कॉलेज, के द्वारा व्याख्यान शुरू किया गया।

    कार्यक्रम में तमिल विभाग के प्रमुख को सम्मानित किया गया। आमंत्रित विद्वान वक्ता ने "एन आइडियलिस्टिक व्यू ऑफ लाइफ, इम्पैक्ट ऑफ मॉडर्न इंडियन फिलॉसफी ऑन सोशल चेंजेज एंड द फिलॉसफी ऑफ रामानुज" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। अंततः,राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

24. 20 मार्च 2018 को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित तथा फिलॉसॉफी एंड साइकोलॉजी एसोसिएशन ऑफ गवर्नमेंट राजिंद्र कॉलेज द्वारा आवधिक व्याख्यान का आयोजन किया। प्रिंसिपल मुकेश कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। डॉ. शिवानी शर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर) पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ और डॉ. रविंदर पुरी (एसोसिएट प्रोफेसर), नेशनल कॉलेज, सिरसा आमंत्रित विद्वान वक्ता थे। डॉ. गुरजीत मान, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, ने व्याख्यान का विषय–वस्तु प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर अपनी चिंता व्यक्त की। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार अग्रवाल ने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों से सीखने और बहुमूल्य विचारों को ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

    डॉ. शिवानी शर्मा ने इस विषय पर बोलते हुए कहा, "मेन्स एक्सिस्टेंस एंड क्रेटिविटी : सम रेफ्लेक्शंस इन दी लाइट ऑफ़ एस्थेटिक्स" ने बताया कि अस्तित्व के तीन पहलू हैं, अर्थात् संज्ञानात्मक, सकारात्मक और प्रभावकारी।

    डॉ. रविंदर पुरी का विषय "शोर से संगीत की ओर" था। डॉ. पुरी ने कहा कि सभी मनुष्यों में शोर या संगीत हैं। जो लोग शोर करते हैं वे दूसरों के मन में भय, चिंता, घृणा और क्रोध की भावनाओं को जन्म देते हैं, जबकि जिस मनुष्य में संगीत हैं वे जीवन, आत्मविश्वास और स्नेह की भावनाओं को जन्म देते हैं।

कार्यकर्म में 200 से अधिक छात्र उपस्थित थे। आमंत्रित विद्वान वक्ता से प्रश्न पूछकर छात्रों ने उत्साह व्यक्त किया।

25. 27 मार्च 2018 को दर्शनशास्त्र विभाग और आई.क्यू.ए.सी.ए., अंगूरी कॉलेज, अंगुरु द्वारा आवधिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। आवधिक व्याख्यान के समन्वयक और संसाधन व्यक्ति श्रीमती आशिमा खानिकर, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, जे.बी. कॉलेज, जोरहाट ने कहा कि वर्तमान समय के संदर्भ में, सामाजिक और राजनीतिक दर्शनशास्त्र बहुत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने आवधिक व्याख्यान आयोजित करने के लिए आयोजक और कॉलेज का भी धन्यवाद किया। डॉ. सुमिता पुरक्षय, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, जे.बी. कॉलेज, जोरहाट ने "ह्यूमन राइट्स" के मुद्दे पर अपना भाषण दिया। उन्होंने मानवाधिकार आंदोलन (पहली पीढ़ी, दूसरी पीढ़ी और तीसरी पीढ़ी) की उत्पत्ति और विकास के बारे में विचार विमर्श किया। डॉ. साहिदुल अहमद, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तावित किया।

26. 16 मार्च 2018 को भा.दा.अ.प. द्वारा प्रायोजित तथा दर्शन शास्त्र विभाग, गज़ोले महाविद्यालय, गज़ोले, मालदा, ने आवधिक व्याख्यान का आयोजन किया। दर्शन शास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ. निरंकुश चक्रवर्ती ने वक्ताओं प्रोफेसर रघुनाथ घोष, नोर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल का परिचय और डॉ. झाडेश्वर घोष, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, गौर बंग विश्वविद्यालय, मालदा, पश्चिम बंगाल का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों की इस समय अत्यन्त आवश्यक है तथा छात्रों को संबंधित विषय में उचित मार्गदर्शन और प्रेरणा दी जानी चाहिए। डॉ. शमसुल हक, प्रिंसिपल, गज़ोले महाविद्यालय, द्वारा कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता किया गया। डॉ. झाडेश्वर घोष ने "गांधीयन कन्सेप्शन ऑफ़ नॉन–वायलेंस एंड इट्स रेलेवंस टू एनवायर्नमेंटल क्राईसेस" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर रघुनाथ घोष ने "दी कांसेप्ट ऑफ़ अहिंसा इन इंडियन ट्रेडिशन" विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के समाप्ति में, डॉ. निरंकुश चक्रवर्ती ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तावित किया और संकेत किया कि भा.दा.अ.प.–प्रायोजित आवधिक व्याख्यान विद्वान विशेषज्ञों के माध्यम से विषय के बुनियादी विषयों को सिखाने और परिचित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

14. पुस्तक अनुदान 2017–18

भा.दा.अ.प. पुस्तक अनुदान 2017–18 के लिए निम्नलिखित आवेदकों पर विचार किया गया है। पुस्तकों का अनुदान, संबंधित संस्थानों के पुस्तकालय में पुस्तकों को पहुंचाने और उपयोग करने के उद्देश्य से दिया जाता है, न कि व्यक्तिगत उपयोग के लिए।

क्र.सं.	पुस्तक अनुदान 2017–18 का अनुदान ग्राही नाम और पता
1.	टीचर–इन–चार्ज समुक्ताला सिधू कान्हु कॉलेज पीओः समुक्ताला, जि.ः अलीपुरद्वार पश्चिम बंगाल – 736206
2.	प्राचार्य एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर विमेन सेक्टर 36–ए चंडीगढ़
3.	सहायक निदेशक भारतीय भाषाओं का केंद्रीय संस्थान मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार मानस गंगोत्री मैसूर –580 006
4.	प्रधानाचार्य रंगाची महाविद्यालय माजुली, असम
5.	प्रधानाचार्य उदलगुरी कॉलेज पीओ. उदलगुरी, जिला असम–784,509
6.	प्रधानाचार्य महिला महाविद्यालय तिनसुकिया –786125, असम

7. प्रभारी प्रधानाचार्य
कछार कॉलेज
प्रधान मार्ग
सिलचर–788,001

---

8. प्रधानाचार्य
अमृता स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज
अमृता विश्व विद्यापीठम्
अमृतपुरी परिसर, क्लप्पना
पो. कोल्लम –690 525

---

9. प्रभारी प्रधानाचार्य
मयनागुरी कॉलेज
पोस्ट : मयनागुरी
जिलाः जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल –735224

---

10. कुल सचिव
राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय
सिद्धूवाल, भादसों रोड
पटियाला –147 006

---

11. प्रधानाचार्य
बर्दवान राज कॉलेज
आफताब हाउस, फ्रेज़र एवेन्यू
पोस्ट और जिला : बर्दवान–713,104 पश्चिम बंगाल

---

12. प्रधानाचार्य
सिलीगुड़ी कॉलेज
सिलीगुड़ी पारा
जिलाः दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल –734001

---

13. प्रधानाचार्य
मिदनापुर कॉलेज (स्वायत्त)
मिदनापुर, पासीम मेदिनीपुर
पश्चिम बंगाल 721101

---

14. प्रधानाचार्य (कार्यकारी)
सत्यवती कॉलेज (साय)

	दिल्ली विश्वविद्यालय अशोक विहार, दिल्ली –110052
15.	प्रधानाचार्य संभु नाथ कॉलेज पोस्ट – लबपुर, बीरभूम पश्चिम बंगाल –731303
16.	प्रधानाचार्य एलीएज़र जॉर्डन मेमोरियल कॉलेज लेह–194,101
17.	कुल सचिव देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार

15. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

इस कार्यक्रम के तहत, निम्नलिखित चार देशों के साथ सहयोग प्रक्रियाधीन है।

यू.एस.ए. – काउंसिल फॉर रिसर्च इन वैल्यूज एंड फिलॉसफी, वाशिंगटन डीसी, अमेरीका

पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना – गांधीवादी और भारतीय अध्ययन केंद्र, फुडन विश्वविद्यालय, पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना

पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना – स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, शंघाई यूनिवर्सिटी, पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ सहयोग

वियतनाम – वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय, एच.सी.एम.सी., वियतनाम

इरान – दर्शन शास्त्र में अनुसंधान के लिए संस्थान

16. भा.दा.अ.प. समग्र जीवनोपलब्धि सम्मान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2017–18

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, भा.दा.अ.प. ने देश के प्रतिष्ठित विद्वान श्री यशदेव शल्य को दर्शनशास्त्र में उनकी उपलब्धियों और योगदान के लिए समग्र जीवनोपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया।

भा.दा.अ.प. लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड कार्यक्रम 15 फरवरी 2018 को सेमिनार हॉल, सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन फिलॉसफी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:00 बजे दीप प्रज्ज्वलित करके हुई। राजस्थान विश्वविद्यालय के पी.जी. स्टडीज एंड रिसर्च विभाग के प्रमुख प्रोफेसर ए.वी. सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर.के. कोठारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्री यशदेव शल्य के सम्मान में भा.दा.अ.प. की ओर से प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला, सदस्य सचिव, भा.दा.अ.प. की ओर से प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया और श्री यशदेव शल्य को प्रोफेसर एस.आर. भट्ट, अध्यक्ष, भा.दा.अ.प., और राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि के चेक के साथ भेंट किया गया। प्रोफेसर आर.के. कोठारी ने सभा को संबोधित करते हुए युवा विद्वानों और शिक्षकों को श्री यशदेव शल्य के विशिष्ट शैक्षिक योगदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर एस.आर. भट्ट ने श्री यशदेव शल्य के महत्वपूर्ण योगदान और उन्हें सम्मानित करने के बारे में बात की। प्रोफेसर ए.डी.शर्मा, जिन्हें विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, ने श्री यशदेव शल्य के साथ अपने लंबे अकादमिक सहयोग और दर्शन के क्षेत्र में शोध पत्रों की विशिष्ट उपलब्धियों के बारे में बात की, विशेष रूप से हिंदी में मूल लेखन की।

कार्यक्रम में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों और श्री शल्य के सहयोगियों ने भाग लिया। दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में उनकी शानदार स्मृति, शैली और महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बात की। प्रोफेसर बी. पाही, प्रोफेसर योगेश जैन, प्रोफेसर आर.के. शर्मा, प्रोफेसर कुसुम जैन (दर्शनशास्त्र, राजस्थान विश्वविद्यालय के सभी

पूर्व विभागाध्यक्ष) ने श्री शैल्य की शैक्षणिक उत्कृष्टता के बारे में बताया। इस अवसर पर अन्य विभागों और आसपास के कॉलेजों के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। श्री शल्य ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर एस. आर. भट्ट, प्रोफेसर आर.के. शुक्ला और भा.दा.अ.प. के सदस्यों को इस पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में श्री शल्य के परिजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन भा.दा.अ.प. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीम दुबे द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ।

(प्रशस्ति पत्र)

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्

समग्र जीवनोपलब्धि सम्मान 2017–18

प्रशस्ति–पत्र

श्री यशदेव शल्य भारत के दार्शनिकों में अनन्यतम चिन्तक हैं। भारत में भारतीयता के मूल से जुड़े दार्शनिक के रूप में आपकी पहचान समकालीन दार्शनिक जगत् में आपको विशिष्ट स्थान प्रदान करती है।

दार्शनिक प्रतिभा के पारावार श्री शल्य एक ऐसे विचारक हैं जो स्वातन्त्र्योत्तर भारतीय दर्शन को पश्चिम के दार्शनिक प्रभामण्डल से मुक्त कर उसे भारत की पारम्परिक दार्शनिक परम्परा में रूपायित करते हैं। भारतीय दार्शनिक दृष्टि का समकालीन परिप्रेक्ष्य में उपवृंहण करते हुए समकालीन दार्शनिक चिन्तन को भाषिक स्वराज प्रदान करने वाले मूलान्वेषी और विशिष्टातिशय से युक्त एक चिन्तक के रूप में आपने दर्शन और अनुषङ्गी विद्यास्थानों को आपने गंभीरता से प्रभावित एवं परिष्कृत किया है। भारत की वैचारिकी को राष्ट्रभाषा 'हिन्दी' के राजपथ पर अग्रसर करते हुये आपने जो दार्शनिक स्थापनायें की हैं वह न केवल एक अनुपम बौद्धिक सम्पदा हैं बल्कि पाश्चात्य विचारों के अन्तराय से सींची हुई समसामयिक औपनिवेशिक भारतीयता का अपवाद भी हैं। आपके लिये 'दर्शन' ज्ञान की अन्यान्य विधाओं की तरह कोई विषयमूलक–व्यवस्था नहीं बल्कि ज्ञान का एक आत्मोन्मुख व्यापार है जो निरन्तर अपने आरंभ बिन्दु से प्रारंभ कर उसी पर लौटता है। दर्शन के स्वरूप विषयक इसी व्यावर्तक अन्तर्दृष्टि को आत्मसात् करते हुये आपने मानवीय स्तर पर आत्मचेतन हुई चेतना की प्रत्यङ्मुख और पराङ्मुख अभिवृत्ति को अपने दार्शनिक अध्यावसाय का प्रस्थान–बिन्दु बनाया है। प्रख्यात चिन्तक एवं शल्य जी के समकालिक प्रो. गोविन्दचन्द्र पाण्डे जी के अनुसार "शल्य जी के दर्शन का केन्द्र चैतन्य की सर्जकता का गम्भीर विवेचन है जो मानवीय सर्जकता की विवेचना में पूरी तरह से चरितार्थ होता है और संस्कृति–विमर्श को एक ठोस दार्शनिक आधार देता है"।

26 जून 1928 को आपका जन्म फरीदकोट, पंजाब में हुआ। आधी–अधूरी आपकी प्रारंभिक शिक्षा गुरूकुल पद्धति से हुई। कुछ दिनों तक आप हाईस्कूल में हिन्दी के अध्यापक भी रहे और तब स्वाध्यायी तौर पर आपकी अभिरुचि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में रही। 1951 में प्रकाशित 'पंत का काव्य और युग' नामक पुस्तक आपकी इसी अभिरुचि की

